
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



बागी 4 में विलेन....

मोतियों से जड़ी ड्रेस में .......

वर्ष : 11 | अंक : 258 | लखनऊ, 07 सितम्बर, रविवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### ब्रेन ईटिंग अमीबा से केरल में एक की मौत

**कोझिकोड।** केरल में 'ब्रेन ईटिंग अमीबा' के कारण एक और शख्स की मौत हो गई। यह



जानलेवा बीमारी केरल में तेजी से फैल रही है। पिछले महीने इस बीमारी से 3 महीने की बच्ची समेत 3 लोगों की मौत हुई थी, जिसके बाद अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है। राथेश नामक 45 वर्षीय युवक ने भी शनिवार सुबह दम तोड़ दिया है।

### बीसीसीआई की एजीएम 28 सितंबर को मुंबई में


**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की एजीएम यानी वार्षिक आम बैठक 28



सितंबर को मुंबई में होगी। इस दौरान बोर्ड अध्यक्ष और आईपीएल अध्यक्ष सहित कई पदों के लिए चुनाव होंगे। इस महीने की शुरुआत में पूर्व भारतीय क्रिकेटर रोजर बिन्नी के इस्तीफे के बाद से बीसीसीआई अध्यक्ष का पद खाली है।

### मुंबई पुलिस को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** यूपी के नोएडा से मुंबई पुलिस ने धमकी देने वाले आरोपी अश्वनी कुमार को गिरफ्तार कर



लिया है। क्राइम ब्रांच ने धमकी के 24 घंटे के अंदर नोएडा सेक्टर 79 से पकड़ा। जो खुद को ज्योतिषी और वास्तु विशेषज्ञ बता रहा है। बिहार के पटना निवासी कुमार ने व्यक्तिगत दुश्मनी के चलते अपने दोस्त को फंसाने के लिए यह साजिश रची।

### आशीष कपूर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

**नई दिल्ली।** रेप के आरोप में अरेस्ट टीवी एक्टर आशीष कपूर की मुश्कलिें बढ़ गई हैं। दिल्ली की



तीस हजारी कोर्ट ने आशीष को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दिल्ली पुलिस ने एक्टर को पुणे से गिरफ्तार किया था। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि अगस्त में दिल्ली में एक हाउस पार्टी हुई ती। इस दौरान आशीष ने वॉशरूम में उनके साथ रेप किया।

### कार की टक्कर में नाबालिग की मौत

**मुंबई।** मुंबई में गणेश विसर्जन के दौरान लालबागचा राजा के पास एक हादसा हो गया। यहां एक कार




ने दो लोगों टक्कर मार दी जिसमें एक नाबालिग की मौत हो गई वहीं दूसरा शख्स घायल हुआ है। कालाचौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चालक की तलाश कर रही है।

### वित्त मंत्री ने जीएसटी सुधार के समर्थन के लिए राज्यों के वित्त मंत्री को लिखा पत्र

# जताया आभार, विपक्ष पर लगाया देश को 'गुमराह' करने का आरोप

वित्त मंत्री ने कहा कि आप कितनी भी गहन चर्चा और तर्क कर सकते हैं, लेकिन अंततः परिषद ने इस अवसर पर कदम उठाया और भारत के सभी लोगों को राहत प्रदान की और मैं इस सद्भावना के लिए आभारी हूं



राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ अमन लेखनी समाचार

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी सुधार के समर्थन के लिए राज्यों के वित्त मंत्री को पत्र लिखकर आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती के माध्यम से आम आदमी को राहत देने के लिए सभी राज्य एक साथ आए। वित्त मंत्री ने कहा कि शुक्रवार को मैंने प्रत्येक वित्त मंत्री को पत्र लिखकर उन्हें धन्यवाद दिया। मैंने कहा कि आप कितनी भी गहन चर्चा और तर्क कर सकते हैं, लेकिन अंततः परिषद ने इस अवसर पर कदम उठाया और भारत के सभी लोगों को राहत प्रदान की और मैं इस सद्भावना के लिए आभारी हूं। इसलिए मैंने यह पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि परिषद का कार्य वास्तव में उल्लेखनीय है। बता दें, 3 सितंबर को जीएसटी परिषद ने हानिकारक वस्तुओं को छोड़कर सभी उत्पादों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दर के तहत लाने को हरी झंडी दे दी है। कई जरूरी वस्तुओं पर टैक्स शून्य करने का निर्णय लिया गया। ये बदलाव 22 सितंबर को नवरात्र के पहले दिन से लागू होंगे।

## राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव की भरपाई का भी दिया आश्वासन

**आम आदमी को राहत देने सभी राज्य साथ आए**




**जीएसटी सुधारों पर विपक्ष गलत जानकारी दे रहा**

### भारत के लोगों को मिली राहत

सीतारमण ने कहा कि इसलिए सदन की भावना यह थी कि यह एक ऐसा प्रस्ताव है जिससे निस्संदेह आम आदमी को लाभ होगा। सभी लोग एक अच्छे उद्देश्य के लिए एक साथ आए और मैं वास्तव में बहुत आभारी हूं। परिषद ने अपने सदस्यों द्वारा दी गई प्रत्येक टिप्पणी और सुझाव को धैर्यपूर्वक सुना है। आम सहमति पर पहुंचने से पहले सभी बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

### लोग जमकर खरीदारी करेंगे

सीतारमण ने कहा कि राज्य हमेशा से कर कटौती के पक्ष में रहे हैं और उनकी एकमात्र चिंता कर कटौती के बाद उनके राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर है। केंद्र भी इस कटौती से प्रभावित होने वाला है। लेकिन हम इसकी भरपाई कर देंगे, क्योंकि एक बार दरें कम हो जाएंगी, तो लोग जमकर खरीदारी के लिए बाहर आएंगे और इससे राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव की भरपाई हो जाएगी।

### 4 स्लैब रखना राज्यों का फैसला

सीतारमण ने आरोप लगाया कि जीएसटी पर विपक्ष देश को गुमराह कर रहा है। चार स्लैब रखना भाजपा का नहीं बल्कि राज्यों के वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति का फैसला था। उन्होंने कहा कि भारत बेहतर विपक्ष का हकदार है, जीएसटी सुधारों पर उनकी आलोचना गलत जानकारी पर आधारित है।

**केंद्रीय मंत्री वैष्णव बोले**

### जीएसटी 2.0: पीएम मोदी का जनता को बड़ा तोहफा



केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के रूप में नागरिकों को एक बहुत बड़ा उपहार दिया है। पहले 12 लाख रुपए तक की आय पर आयकर से छूट देकर मध्यम और निम्न वर्ग के परिवारों को लाभ पहुंचाया था अब जीएसटी कम होने से एक बार फिर बड़ी राहत मिलेगी। जीएसटी सुधार से देश की आर्थिक उन्नति में भी एक बहुत बड़ा लाभ मिलेगा।

#### 20 लाख करोड़ की अतिरिक्त जीडीपी

कहा कि देश की जीडीपी 330 लाख करोड़ है, जिसमें उपभोग का योगदान 202 लाख करोड़ है। जीएसटी सुधारों के बाद, इसमें 10% की भी वृद्धि होती है, तो उपभोग में 20 लाख करोड़ की वृद्धि होगी, यानी देश में 20 लाख करोड़ का अतिरिक्त जीडीपी आएगा।

#### आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी

वैष्णव ने कहा कि उपभोग बढ़ने से रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी और एक के बाद एक कई आर्थिक गतिविधियां बढ़ने लगेंगी। इनकम टैक्स की छूट और जीएसटी का बड़ा फैसला दोनों मिलाकर हमारे मध्यम वर्ग के परिवारों के हाथ में अधिक पैसा बचाने में मददगार होंगे।

### 'बीड़ी-बिहार' विवाद मामला

# सियासी बवाल के बाद केरल कांग्रेस ने मानी 'गलती' सार्वजनिक माफी मांगी

**सोशल मीडिया हेड वीटी बालराम का इस्तीफा**



एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल कांग्रेस ने शनिवार को स्वीकार किया कि सोशल मीडिया पर बिहार को 'बीड़ी' से जोड़ने वाली विवादित पोस्ट उनके लिए बड़ी भूल थी। इस पोस्ट के चलते राजनीति में तहलका मच गया। पार्टी ने पोस्ट को हटा दिया और सार्वजनिक माफी भी मांगी।

केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष सनी जोसेफ ने स्वीकार किया कि पोस्ट करने में 'गलती और लापरवाही' हुई। उन्होंने ताया कि पार्टी की सोशल मीडिया टीम ने बिना सतर्कता के यह टिप्पणी प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर दी थी। सनी जोसेफ ने बताया कि पोस्ट हटा दी गई है। जिम्मेदार शख्स सोशल मीडिया हैंडल के एडमिन और ऑपरेटर ने माफी मांगी और पोस्ट हटाई। कांग्रेस इसका समर्थन नहीं करती।

### मीडिया सेल ने गलती स्वीकारी

सनी जोसेफ ने यह भी बताया कि इस मामले पर पूर्व विधायक वीटी बालराम से चर्चा हुई, जो केपीसीसी के डिजिटल मीडिया सेल के प्रभारी हैं। उन्होंने गलती स्वीकार की। इस विवाद के बीच केरल कांग्रेस के सोशल मीडिया हेड वीटी बालराम ने इस्तीफा दे दिया है। बता दें, विवादित पोस्ट केपीसीसी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर हालिया जीएसटी दरों में बदलाव के संदर्भ में पोस्ट किया गया था। इस पोस्ट में बिहार को बीड़ी (तम्बाकू से भरी चीज) से जोड़ने की कोशिश की गई थी। अपने एक्स हैंडल पर दरों का ब्योरा देते हुए उसने लिखा कि बीड़ी और बिहार की शुरुआत बी अक्षर से होती है! अब इसे पाप नहीं माना जा सकता! आशय यह कि बीड़ी पर जीएसटी में कटौती बिहार में विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत हुई है।

### पोस्ट बिहार की अस्मिता का मुद्दा बनी


लेकिन जैसे ही यह पोस्ट वायरल हुई बिहार के प्रति असंवेदनशील व अपमानजनक बताते हुए कड़ी आलोचना हुई। बिहारी अस्मिता का मुद्दा जनमानस को भावुक कर गया। जनमानस में क्षोभ बढ़ने लगा। बिहार की सत्ता में शामिल गठबंधन नेताओं ने कांग्रेस की आलोचना की। बिहार के उपमुख्यमंत्री व भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने इस पोस्ट को 'पूरे बिहार का अपमान' करार दिया। जदयू के सदस्य संजय कुमार झा ने भी इसे 'कांग्रेस द्वारा एक और शर्मनाक कदम' बताया।

### सुप्रीम 'आदेश' का पालन

## एसआईटी करेगी वंतारा की जांच, पैनल ने किया दौरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट द्वारा गुजरात के जामनगर में वंतारा वन्यजीव बचाव और पुनर्वास



केंद्र के मामलों की जांच के लिए पूर्व जज जस्टिस जे चेलमेश्वर की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) को आदेश दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त फैक्ट फाइंडिंग पैनल ने गुरुवार को वंतारा में तीन दिवसीय जांच शुरू करने के घटनास्थल का दौरा किया।

### 12 सितंबर तक दें रिपोर्ट


न्यायालय ने एसआईटी को 12 सितंबर तक अपनी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। 28 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने दो जनहित याचिकाओं के आधार पर एक विशेष जांच दल गठित करने का आदेश दिया था। जस्टिस चेलमेश्वर के अलावा, एसआईटी में उत्तराखंड और तेलंगाना हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राघवेंद्र चौहान, मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त हेमंत नागराले और अतिरिक्त सीमा शुल्क आयुक्त अनीश गुप्ता भी शामिल हैं।

### गहलोत पर शेखावत का हमला

## गाली देना कांग्रेस के डीएनए में मेरी मां पर भी की थी टिप्पणी

एजेंसी ▶▶ जयपुर

पीएम नरेंद्र मोदी की मां को लेकर की गई टिप्पणी से उठे विवाद के बीच केंद्रीय



जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस और पूर्व सीएम अशोक गहलोत पर तीखा हमला बोला है। शनिवार को शेखावत ने कहा कि मां एक संस्था होती है और उसके लिए ओछी टिप्पणी करना केवल दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं बल्कि कांग्रेस के डीएनए का हिस्सा बन गया है। गहलोत सत्ता और कुर्सी के मोह में इस हद तक डूब गए।

### मोदी की लोकप्रियता से बौखलाहट

शेखावत ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की बढ़ती लोकप्रियता विपक्ष को परेशान कर रही है। देशहित में सरकार कोई भी फैसला ले, विपक्ष उसके भी राजनीतिक मायने खोजने लगता है। उन्होंने कहा कि यह मानसिकता देश की जनता समझ चुकी है और इसी वजह से कांग्रेस जैसी पार्टियों पर से लोगों का भरोसा उठ चुका है।

### खुशियों के साथ फिर आओ 'बप्पा'



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में शनिवार गणेश चतुर्थी उत्सव के दौरान अनंत चतुर्दशी पर विसर्जन से पहले भगवान गणेश की 'लालबागचा राजा' मूर्ति की शोभायात्रा में लाखों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने अपने 'बप्पा' को नम आंखे से विदाई दी और अगले वर्ष फिर हर्षोल्लास और खुशियों के साथ आने की कामना की।

### नरम पड़े अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणी पर फडणवीस बोले

# पीएम मोदी एक महान नेता, भारत अब किसी के दबाव में नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत और अमेरिका में जारी टैरिफ विवाद के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने नरमी दिखाते हुए पीएम मोदी को अपना अच्छा दोस्त बताया। इस बात पर अब महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ट्रंप कहें या नहीं पीएम नरेंद्र मोदी एक महान नेता हैं। उन्होंने यह भी साफ किया कि भारत अपनी विदेश नीति खुद तय करता है और किसी देश के दबाव में नहीं आता। बता दें कि फडणवीस का ये बयान तब आया जब हाल ही में अपने एक बयान में ट्रंप ने कहा था कि मैं हमेशा नरेंद्र मोदी का दोस्त रहूंगा, वह एक महान प्रधानमंत्री हैं। लेकिन इस वक्त जो वो कर रहे हैं, वह मुझे पसंद नहीं है। ट्रंप का ये बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका ने भारतीय सामानों पर 50% तक टैरिफ (शुल्क) लगा दिया है और भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर 25% अतिरिक्त ड्यूटी लगा दी गई है। भारत सरकार ने इसे अनुचित, अन्यायपूर्ण और अकारण बताया है।

### आज का भारत, पीएम मोदी का भारत

**भारत अपनी विदेश नीति खुद तय करता**




### विकसित भारत का सफर रुकने वाला नहीं

सीएम फडणवीस ने कहा कि ट्रंप कुछ भी कहें, मोदी तो महान हैं ही। पूरी दुनिया के नेता उन्हें महान मानते हैं। आज का भारत, मोदी का भारत है, जो अपनी विदेश नीति खुद तय करता है और किसी के दबाव में नहीं आता। उन्होंने कहा कि भारत का 'विकसित भारत' बनने का सफर रुकने वाला नहीं है।

### कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी बोले

### भारत एक रोटी कम खाएगा, लेकिन झुकेगा नहीं

ट्रंप की शुक्रवार को भारत और रूस को अंधकारमय चीन के हाथों में खो देने के बयान पर कांग्रेस पार्टी के सांसद मनीष तिवारी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा टैरिफ के बारे में नहीं बल्कि आत्म-सम्मान, गरिमा और सम्मान के बारे में है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि ट्रंप और नवारो जैसे लोग जो बात समझ नहीं पा रहे हैं, वह टैरिफ की नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, गरिमा और सम्मान की है।



#### हमने अंग्रेजों को परास्त किया

मनीष तिवारी ने कहा कि हमने साम्राज्यवादी अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी और उन्हें परास्त किया। भारत एक रोटी कम खाएगा, लेकिन बल प्रयोग के आगे कभी नहीं झुकेगा।

### वापस आएंगे माल्या और नीरव?

# ब्रिटेन की टीम ने किया तिहाड़ जेल का 'दौरा'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार लगातार कोशिश कर रही है कि देश से भागे हुए बड़े आर्थिक अपराधी और आरोपी वापस लाए जा सकें। इन्हीं प्रयासों के तहत ब्रिटेन की क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) की एक टीम ने हाल ही में दिल्ली की तिहाड़ जेल का निरीक्षण किया। इसका मकसद था यह देखना कि भारत में लाए जाने वाले भगोड़े अपराधियों को सुरक्षित माहौल मिलेगा या नहीं? भारत सरकार ने ब्रिटेन को यह भी आश्वासन दिया है कि किसी भी आरोपी से जेल में गैरकानूनी पूछताछ नहीं होगी। दरअसल, पहले



भारत के 178 प्रत्यर्पण अनुरोध विदेशों में लंबित

कई बार ब्रिटिश अदालतों ने भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध को इसलिए खारिज किया था क्योंकि उन्हें भारतीय जेलों की स्थिति पर आपत्ति थी। भारत के कुल 178 प्रत्यर्पण अनुरोध विदेशों में लंबित हैं, जिनमें से लगभग 20 मामले ब्रिटेन में अटके हुए हैं। इनमें हथियारों के सौदागरों और खालिस्तानी नेटवर्क से जुड़े लोगों के नाम भी शामिल हैं।

# भगवा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, जय श्रीराम के नारों से गूंजा रहीमाबाद

## भगवान श्री राम और हनुमान जी की झांकियां रही आकर्षण का केंद्र, फूल बरसा कर लोगों ने किया स्वागत

### डीजे की धुन पर बज रहे भक्ति गीतों पर युवा हाथों में भगवा झंडा लेकर खूब झूमें

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। महावीर झंडा यात्रा बड़े धूमधाम से निकाली गई। शनिवार को रहीमाबाद में झंडा भगवा यात्रा में जन सैलाब उमड़ पड़ा। कस्बे की सड़कों पर सिर्फ श्रद्धालुओं का हुजूम ही देखने को मिल रहा था। इस मौके पर रहीमाबाद पुलिस पूरी तरह मुस्तैद दिखी।

यात्रा में शामिल हिंदू संगठनों के लोगों द्वारा पूरे आकर्षक तरीके से गाजे बाजे के साथ सभी के हाथ में भगवा ध्वज लहरा रहा था। डीजे की धुन पर बज रहे भगवान श्री राम के गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। डीजे पर बज रहे एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम, जय श्री राम, भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। रहीमाबाद गहदो रोड से होते हुए यात्रा कस्बे के विभिन्न गलियों में होते हुए। मंदिर के पास पहुंची. जहां संगठन के पदाधिकारियों द्वारा एक साथ पूजा अर्चना की गई। विधिवत आरती व प्रसाद वितरण के बाद यात्रा बस स्टैंड से पुनः रहीमाबाद बाजार होते हुए पहुंचा। जहां करीब एक घंटे तक युवाओं ने जम कर भगवान श्री राम का नारा लगाया। इस दौरान डीजे की धुन पर बज रहे भक्ति गीतों पर युवा खूब झूमें। इसके बाद यात्रा धीरे-धीरे कस्बे के अंदर की तरफ बढ़ते गया। यात्रा जिस मार्ग से गुजरता उस रास्ते के किनारे महिलाओं ने खड़े होकर फूल बरसा कर उनका स्वागत किया। यात्रा में रथ पर सवार

भगवान श्री राम और हनुमान जी की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही जिसे कस्बे के लोग व महिलाएं निहार रही थी। वहीं लोगों ने जगह-जगह श्रद्धालुओं का स्वागत कर जलपान का प्रबंध किया। हरदोई लखनऊ हाईवे के किनारे पहुंचने पर जहां युवाओं ने जय श्री राम का नारा लगाते हुए पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं के सिर पर बंधी भगवा पगड़ी, लहरा रहा भगवा झंडा से पूरा रहीमाबाद क्षेत्र भगवामय हो गया था। इस इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री भूपेंद्र अर्कवंशी, हिंदू जागरण मंच सह संयोजक संतोष सिंह, धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष अक्षत तिवारी, विश्व हिंदू रक्षा परिषद जिलाध्यक्ष सुमित सिंह, प्रवेश मौर्य, प्रमोद, अर्पित, अनूप गुप्ता, अमन सिंह, हरिशंकर शुक्ला, सरवन सिंह, रामपाल सूर्या, शुभम पांडेय, कृष्णा तिवारी, सुधीर, दीपक, विनोद, बबलू, रामजी आचार्य, अभिजीत सिंह (सत्यम) सहित हजारों की संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।



भगवा यात्रा में शामिल हजारों लोग

## कांवरियां मंडल ने किया विशाल भंडारा

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां कस्बे में बाबा बैजनाथ धाम से कांवड़ लेकर लौटने पर कांवरियों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया निगोहां इलाके के आधा दर्जन गांवों संतोष शर्मा, शिवचंद गुप्ता, मोनू गुप्ता, अनुज, सुधीर शर्मा, विशाल, अभिषेक गुप्ता, विजय सोनी, सहित लगभग 300 श्रद्धालुओं की टोली निगोहां कस्बे से बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुई कांवड़ यात्रा लगभग 150 किलोमीटर की थी श्रद्धालुओं ने धाम पहुंचकर कजरी तीज के अवसर पर बाबा का जलाभिषेक किया और दर्शन के बाद शनिवार को कस्बे म में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों में निगोहां पूर्व प्रधान अजय सिंह, काका तिवारी, विकास सिंह, मायाराम त्रिपाठी, अधिवक्ता देवेश बाजपेई राम बाबू गुप्ता सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे इस अवसर पर हजारों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और सभी भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया कांवड़ मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि निगोहां से करीब 300 कांवरिया बाबा बैजनाथ धाम के लिए निकलते हैं और कजरी तीज के दिन बाबा को जल अर्पित करते हैं इसके बाद त्रयोदशी के दिन बाबा बैजनाथ का विशाल भंडारा होता है, जिसमें सब्जी छोले चावल और हलवे का वितरण किया जाता है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने पैदल जा रहे युवक को रौंदा, दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा इलाके में शुक्रवार रात पैदल जा रहे एक कुक को ट्रक ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक उत्तराखंड के कल्यानपुर, नानकमत्ता निवासी नितिन जोशी (23) बंथरा में जुनाबगंज के पास एक होटल में किराए पर रहकर यहां रामाडा होटल में कुक का काम करता था। नितिन शुक्रवार रात करीब 12 बजे अपनी ड्यूटी खत्म कर पैदल ही कानपुर रोड से अपने कमरे पर जा रहा था। तभी कानपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने उसे रौंद दिया।

## शीतला माता की वार्षिक पूजा धूमधाम से हुई सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। निगोहां क्षेत्र के बरवालिया गांव लखना खेड़ा गांव में स्थित सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर परिसर में शुक्रवार को माँ शीतला माता की वार्षिक पूजा बड़े ही भक्तिमय माहौल सम्पन्न हुई माँ भगवती उत्थान सेवा समिति लखनाखेड़ा, निगोहां की ओर से आयोजित इस अनुष्ठान में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा कार्यक्रम की शुरूआत माता रानी के श्रृंगार से हुई इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व पूजन सम्पन्न कराया गया इसके उपरांत कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों ने भक्ति भाव से कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया।पूजा-पाठ के बाद प्रसाद वितरण किया गया जिसमें आस-पास के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे और सभी ने प्रसाद ग्रहण कर माँ का आशीर्वाद प्राप्त किया समिति के संस्थापक एवं पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि यह पूजा हर वर्ष परंपरागत ढंग से आयोजित की जाती है उन्होंने कहा कि माँ भगवती की कृपा से भक्तों के जीवन में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहती है पूरे दिन मंदिर परिसर ₹जय माता दी₹ के जयकारों से गूंजता रहा और वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## विद्युत ट्रांसफार्मर की जाली में उतरे करंट की चपेट में आकर बकरे की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र में शनिवार को विद्युत ट्रांसफार्मर की जाली में उतरे करंट की चपेट में आकर एक मवेशी की मौत हो गई। तपोवन नगर निवासी अफसाना पत्नी माजिद खान का कीमती बकरा शाम करीब चार बजे घास चरते हुए शेख मीर मजार के पास पहुंच गया। वहां रखे 400 केवीए ट्रांसफार्मर की जाली में उतरे करंट की चपेट में आने से बकरे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी पाकर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और आक्रोश जताते हुए तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम और नादरगंज पावर हाउस को सूचना दी। कुछ ही देर बाद पुलिस टीम पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू की। वहीं पावर हाउस के कर्मचारी भी मौके पर आए और ट्रांसफार्मर में उतरे करंट को ठीक किया। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ट्रांसफार्मर के पास ही इण्डिया मार्का - 2 हैण्डपम्प लगा होने के साथ पास में ही रोड है। जहां रास्ते से दिन-रात लोगों का आना-जाना रहता है। पास में स्थित मस्जिद में नमाज के लिए भी बड़ी संख्या में लोग आते हैं। साथ ही ट्रांसफार्मर के बगल मौजूद हैंड पंप पर लोग पानी लेने भी आते जाते रहते हैं। ऐसे में करंट उतरने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने बताया कि इस समस्या की कई बार जानकारी पावर हाउस कर्मियों को दी गई, लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ साथ उन्हें अच्छे संस्कार सिखाने चाहिए : राज किशोर

### ताराशक्ति केन्द्र देवलोक कालोनी में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर-लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ0 राजेश्वर सिंह द्वारा देवलोक कालोनी में स्थापित किये गये तारा शक्ति केन्द्र के संचालक अंकुर राज किशोर पासी ने कहा कि शिक्षक बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ ही उन्हें अच्छे संस्कार और शिष्टाचार भी सिखाने चाहिए, क्योंकि एक अच्छा शिक्षक वह है जो अपने छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देता है और उन्हें जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है। शिक्षा और संस्कार एक दूसरे के पूरक हैं और बिना संस्कारों के शिक्षा अधूरी होती है। श्री अंकुर शनिवार को ताराशक्ति केन्द्र प्रतिभागियों द्वारा आयोजित शिक्षक दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिक्षा बच्चों को ज्ञान प्रदान करती है और उनकी बौद्धिक क्षमता को बढ़ाती है, जिससे वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। जबकि संस्कार बच्चों को जीवन के महत्वपूर्ण नैतिक मूल्यों, जैसे ईमानदारी, सम्मान, दूसरों की मदद करना और सही-गलत में अंतर करना सिखाते हैं। व्यक्तित्व निर्माण में संस्कारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, क्योंकि ये बच्चों के चरित्र को मजबूत बनाते हैं और उन्हें एक बेहतर इंसान बनाते हैं। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक सिर्फ पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाता, बल्कि उसे गुरु की तरह अपने शिष्यों को संस्कार भी देने पड़ते हैं, ताकि बच्चे अपने जीवन में सफलता और समृद्धि हासिल कर सकें। शिक्षक छात्रों को निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करते हैं और उन्हें जीवन की राह पर चलने के लिए आवश्यक नैतिक और व्यक्तिगत शिक्षा देते हैं। शिक्षकों को यह सिखाना महत्वपूर्ण है कि वे शिक्षकों का सम्मान करें और उनके द्वारा सिखाए गए ज्ञान और मूल्यों के प्रति आभार व्यक्त करें, क्योंकि उनकी मेहनत ही बच्चों के भविष्य को आकार देती है। इस मौके पर शिक्षिका शशि रावत, वर्षा राजपूत व पूजा रावत मौजूद रही।



## मां की डांट से युवक ने लगा लिया फांसी, मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर में शुक्रवार रात एक युवक ने संदिग्ध हालत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक सरोजनी नगर के गौरी विहार निवासी प्राइवेट नौकरी करने वाले शिवराज का अविवाहित बेटा वीरेंद्र कुमार (24) थाना क्षेत्र में कानपुर रोड के नवीन गौरी स्थित सिंह इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान पर काम करता था। शुक्रवार शाम वह अपने दोस्त की बर्थडे पार्टी में गया था। जहां से देर रात नशे की हालत में वापस घर लौटा। उसे अधिक नशे में देख वीरेंद्र की मां सुनीता ने उसे डांट दिया। माँ की डाँट फटकार पड़ने पर नशे में धुत वीरेंद्र नाराज होकर कमरे के अंदर सोने चला गया। कुछ देर बाद जब उसके पिता शिवराज उसे देखने गए तो उसका कमरा अंदर से बंद मिला। उन्होंने जब खिड़की से झांक कर देखा तो वीरेंद्र कमरे के अंदर पंखे के हुक से चादर के सहारे फंदे से लटका मिला। यह देख वह जोर से चिल्ला पड़े। बाद में लोहे के तार के सहारे दरवाजे की अंदर से बंद कुंडी खोलकर परिजनों ने उसे आनन फानन नीचे उतारा और सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने वीरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। बाद में परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला कि मृतक नशेड़ी था और शराब के नशे में उसने यह कदम उठाया है। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।



## छात्रा को अगवा कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शौच के लिए निकली नाबालिग किशोरी के साथ पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही युवक ने किशोरी के मुंह में कपड़ा ठूंस कर जबरन दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र एक गांव निवासी 15 वर्षीय नाबालिग सातवीं की छात्रा बीते सोमवार दोपहर को घर से शौच के लिए गांव के किनारे गई थी। वहीं पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही सचिन ने उसे जबरन गौशाला के किनारे एक खेत में झाड़ियों में खींच ले गया और आरोपी ने छात्रा के मुंह में कपड़ा ठूंसकर

उसके साथ दुष्कर्म किया विरोध करने पर छात्रा को पीटा। काफी देर तक वापस घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी कुछ देर बाद छात्रा बदहवास हालत में घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। जिसे शनिवार को मलिहाबाद के मुजासा तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



आरोपी सचिन – फोटो

## पूर्व सपा सांसद का सपा कार्यालय पर हुआ भव्य स्वागत......

### पूर्व विधायक अम्ब्रीश पुष्कर की अगुवाई में कार्यकताओं का उमड़ा जनसैलाब, जगह-जगह हुआ अभिनंदन........

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज विधानसभा स्तरीय सपा कार्यालय बिंदौवा में कार्यकताओं द्वारा पूर्व सपा सांसद बाल कुमार पटेल कार्यालय में फूल-मालाओं से पटेल का गर्मजोशी के साथ स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया आयोजन में पूरा माहौल समाजवादी नारों और जयघोषों से गूंज उठा स्वागत समारोह की अगुवाई पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने की उन्होंने अपने समर्थकों संग पूर्व सांसद का अभिनंदन कर कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार किया पुष्प वर्षा और नारों से सपा कार्यालय का नजारा किसी बड़े राजनीतिक जलसे से कम नहीं रहा कार्यालय से निकलने के बाद बाल कुमार पटेल का काफिला मऊ गांव पहुँचा जहाँ उनका फूल-मालाओं और नारों के बीच ग्रामीणों ने पूर्व सांसद का अभूतपूर्व सम्मान किया लोगों में इस बात को लेकर खासा उत्साह दिखा कि पटेल अब संगठनात्मक कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।पूर्व सांसद का अगला पड़ाव गोसाईगंज रहा, जहां ब्लॉक स्तरीय बूथ प्रभारी सम्मेलन का आयोजन किया गया था सम्मेलन में पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सम्मेलन को लेकर कार्यकताओं में पहले से ही उत्साह का माहौल था बड़ी संख्या में लोगों ने सम्मेलन स्थल पर पहुंचकर पूर्व सांसद का स्वागत किया और पार्टी के पक्ष में अपनी निष्ठा दोहराई।इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत ने कहा कि संगठन की ताकत कार्यकताओं में है, और आज जिस तरह कार्यकताओं ने उमंग और जोश दिखाया। यह स्पष्ट है कि समाजवादी पार्टी पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरने को तैयार है यह आयोजन न सिर्फ संगठन की मजबूती और एकता को प्रदर्शित करता है बल्कि यह भी साफ संदेश देता है कि आने वाले चुनावों को लेकर कार्यकर्ता पूरी तरह सक्रिय और तैयार हैं।



## जंगल में दो गायों के शव पड़े मिलने से मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा इलाके में शनिवार को एक जंगल में दो गायों के शव पड़े मिलने से हड़कंप मच गया। लोग इसे गोकशी की घटना बताने लगे। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पशु चिकित्सक टीम को बुलाया। इसके बाद पता चला कि प्लास्टिक की पन्नी खाने से दोनों गायों की करीब 10 दिन पहले मौत हुई थी। यह जानकारी होने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। पुलिस के मुताबिक शनिवार दोपहर उसे पता चला कि बंथरा थाना क्षेत्र में प्रसाद हॉस्पिटल के सामने दो गायों के शव जंगल में पड़े हैं और वहां पर गोकशी का आरोप लगाते हुए कुछ लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। इस सूचना के बाद पुलिस पहुंची तो वहां दो गायों के शव पड़े मिले, जो काफी दिनों पुराने प्रतीत हो रहे थे। इस पर पशु चिकित्सा विभाग को इसकी सूचना दी गई। साथ ही मामले से पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया गया। सूचना के बाद एसीपी कृष्णा नगर विकास पांडेय और एडीसीपी (दक्षिणी) रल्लापल्ली बसंथ कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने वहां गोकशी की बात कह कर प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। वहीं बाद में सूचना पाकर पशु चिकित्सा अधिकारी धीरज द्विवेदी के नेतृत्व में पहुँची टीम ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि दोनों गायों की प्लास्टिक पन्नी खाने से करीब 10 दिन पहले मौत हो चुकी है। बताया जाता है कि जहां पर दोनों गायों के शव पड़े मिले उसी के पास एक ब्रेड कंपनी है, जिसका सारा कचरा प्लास्टिक की पन्नियों सहित बाहर फेंक दिया जाता है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस कचरे में खाद्य पदार्थ मिला होने के कारण गायों ने पन्नी सहित उसे खा लिया, जिससे उनकी मौत हुई है। हालाकि बाद में पुलिस ने अपनी मौजूदगी में जेसीबी मशीन मंगा कर वहीं पर गड्ढा खुदवाया और दोनों गायों के शवों को दफना दिया गया। उधर घटना की जानकारी पाकर भारतीय गौ सेवा के अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी भी मौके पर पहुंचे। लेकिन जब उन्हें पता चला कि गोकशी की घटना नहीं, बल्कि खाद्य पदार्थ युक्त कचरा व प्लास्टिक की पन्नी खाने से गायों की मौत हुई है तो उन्होंने भ्रामक खबर फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं पुलिस का कहना है कि गोकशी का मामला पूरी तरह झूठा है। फिलहाल आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों ने जताया विरोध

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र में बिराहिमपुर पुल के पास से रामपुर बस्ती को जोड़ने वाली जर्जर सड़क को लेकर विरोध में शनिवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने नारेबाजी की।

कई किलोमीटर लंबी यह सड़क अटौरा और पहाड़पुर दतली सहित दर्जनों गांवों को जोड़ती है। सड़क पर गहरे गड्ढे हैं और बारिश में कीचड़ व जलजमाव की स्थिति बन जाती है। इससे स्कूली बच्चों, बीमारों और आम लोगों को परेशानी होती है।

ग्रामीणों ने बताया कि यह हजारों ग्रामीणों की आवाजाही का मुख्य मार्ग है। पंचायत और तहसील स्तर पर कई बार शिकायत की गई, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिले। प्रदर्शन में अनुराग कश्यप, नौमी लाल, मनोज सिंह, सोनू, शंकर, राजू, राजेश, उदयभान, ओमकार, रामविलास समेत कई ग्रामीण शामिल हुए। उनका कहना है कि अगर सड़क का निर्माण कार्य जारी नहीं हुआ तो सभी लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे जिसका जिम्मेदार सिर्फ प्रशासन होगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि सड़क की मरम्मत जल्द होनी चाहिए। खराब सड़क ने न केवल लोगों के दैनिक जीवन को प्रभावित किया है, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी बाधा बन रही है।



जर्जर सड़क को लेकर विरोध जताते लोग

## विवाहिता ने फांसी पर झूलकर लगाया मौत को गले

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीती रात घरेलू कलह के चलते पत्नी ने फांसी पर झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। माल थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी सुशील के पत्नी मीरा (35) ने शुक्रवार देर रात घरेलू कलह और पति से विवाद के चलते गांव के किनारे नर्सरी में पेड़ से साड़ी का फंदा लगाकर मौत को गले लगा लिया। काफी देर तक पत्नी के घर में न दिखने से पति ने पत्नी की तलाश करने लगा काफी देर बाद ग्रामीणों द्वारा पता चला की पत्नी मीरा का शव फांसी पर लटका देख ग्रामीणों ने पति को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे पति ने पत्नी को फंदे से उतर कर पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका के परिवार में दो बेटे शिवा, अभय और एक बेटी स्वाती है। जिनका रो रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में माल थाना प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम लिए भेज दिया गया है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।



मृतका मीरा फाइल – फोटो

## स्वयं सहायता समूह महिलाओं को वितरित हुवे ऋण स्वीकृति पत्र

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कस्बे के पाण्डेय कॉम्प्लेक्स स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा की ओर से शनिवार को महिलाओं का सशक्तिकरण समुदायों का सशक्तिकरण विषयक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही 17 समूहों की महिलाओं को लोन स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए आयोजन के मुख्य अतिथि नगर पंचायत मोहनलालगंज के चेयरमैन प्रतिनिधि एवं नारडको के उपाध्यक्ष अजय पांडेय सत्यम विशिष्ट अतिथि अमित गोयल (क्षेत्रीय प्रबंधक बैंक ऑफ महाराष्ट्र) एवं श्रीमती संजू कुमारी उप क्षेत्रीय प्रबंधक बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने दीप प्रज्वलित कर किया शाखा प्रबंधक भारती मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की मुख्य अतिथि अजय पांडेय सत्यम ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि झ₹स्वयं सहायता समूह एक ऐसा सशक्त प्लेटफार्म है जिसने गांव-गांव में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया कार्यक्रम के दौरान 17 स्वयं सहायता समूहों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए कार्यक्रम में विशेष रूप से मनीष पांडे प्रदेश प्रवक्ता उ.प्र.मा. शिक्षक संघ प्रवीण यादव कृषि विभाग बैंक ऑफ महाराष्ट्र आंचल कार्यालय उज्ज्वल शाखा प्रबंधक कल्ली पश्चिम विशेष सहायक जगराम सिंह मन्नू राय शिवम् साहू सहित बड़ी संख्या में सहयोगी व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



# संक्षेप

## मार्ग दुर्घटना में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के रानी खेड़ा गांव के पास आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर शुक्रवार देर रात साइकिल से जा रहे 65 वर्षीय बृद्ध को बाइक सवार ने टक्कर मार दी।हादसे में वह गंभीर रूप घायल हो गया।ट्रामा सेंटर लखनऊ में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जहाँ पोस्टमार्टम के बाद शनिवार शाम शव गांव पहुँचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। औरास थाना क्षेत्र के जमाल नगर निवासी हरिशंकर (65) पुत्र दिरगज शुक्रवार दोपहर बाद साइकिल से औरास किसी काम से आये थे। जहाँ से वह शाम को एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन से साइकिल से अपने घर वापस जा रहा था।इसी बीच जैसे ही वह रानी खेड़ा अंडर पास के निकट पहुँचा ही था कि अज्ञात बाइक सवार ने हरिशंकर की साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी।जिससे वह गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुँची एम्बुलेंश ने घायल बृद्ध को सीएचसी औरास में भर्ती कराया ।जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद डाक्टर ने गंभीर हालत में उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। जहाँ इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई।शनिवार को पोस्टमार्टम होने के बाद दोपहर बाद शव घर पहुँचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## सांप पकड़ने वाले शौकीन युवक को जहरीले सांप ने काटा , हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव।थाना आसीवन क्षेत्र के कादिरपुर गांव में सांप पकड़ने के दौरान एक युवक को जहरीले सांप ने डस लिया।सांप पकड़ने वाले जावेद (28) को शुक्रवार देर रात गांव के पास झाड़ियों में सांप निकलने की सूचना मिली थी।जावेद मौके पर पहुंचे और सांप को पकड़ने की कोशिश की।इस दौरान सांप ने उन्हें डस लिया।जहरीले सांप के डसने के बाद भी जावेद ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने सांप को पकड़कर बोरे में बंद किया और नजदीकी अस्पताल पहुंच गए।अस्पताल में बोरे में सांप देखकर स्टाफ और मरीजों में अफरा-तफरी मच गई। जावेद की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने स्थिति नाजुक बताते हुए कानपुर के हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार सांप का जहर तेजी से शरीर में फैल चुका था।परिजनों के मुताबिक, सांप पकड़ने का शौक ही अब उनकी जिंदगी के लिए खतरा बन गया है। फिलहाल जावेद का इलाज कानपुर हैलेट में चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक जावेद बचपन से ही सांप पकड़ने में माहिर थे।गांव में जब भी कहीं सांप निकलता, लोग उन्हें ही बुलाते थे। गांव के बुजुर्ग अख्तर अली ने बताया कि जावेद ने कई बार जहरीले सांपों को पकड़कर गांव वालों की जान बचाई है।

# विकास की पोल खोलती सड़क – ग्रामीण खुद बना रहे रास्ता, एक कदम विकास की ओर

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव।विकास खण्ड क्षेत्र के आदमपुर भांसी विकास के दावों के बीच ग्रामीण इलाकों की हकीकत कुछ और ही तस्वीर बयां कर रही है।गांव आदमपुर भांसी में सड़क की बदहाली इस कदर है कि लोग मजबूरी में खुद ही सड़क बनाने को मजबूर हैं।

गांव के निवासी जय प्रकाश साहू ने अपनी कार निकालने के लिए फावड़ा उठाकर गड्ढों में मिट्टी डाली, ताकि उसकी गाड़ी धंस न जाए। सूरज का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। आखिरकार मजबूरी में खुद ही सड़क सुधारनी पड़ी।

बरसात के दिनों में यह समस्या और विकराल हो जाती है। कीचड़ और पानी भरने से लोगों का निकलना दूभर हो जाता है।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क न होने से न सिर्फ वाहन चालकों को दिक्कत होती है बल्कि बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भी परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्रामीणों ने बताया कि चुनाव के समय नेता सड़क और विकास के वादे करते हैं, लेकिन जीतने के बाद हाल पूछने वाला कोई नहीं रहता।इस उपेक्षा से लोगों में गहरा आक्रोश है। गांव वालों ने शासन-प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराई जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे सामूहिक रूप से धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# जल भराव से मच्छरों व संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे आ गया है।शनिवार सुबह जलस्तर 112.850 मीटर दर्ज किया गया। यह खतरे के निशान 113 मीटर से 15 सेंटीमीटर कम है।गुरुवार शाम से शुक्रवार तक जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार शाम 6 बजे जलस्तर 112.870 मीटर था। शुक्रवार सुबह यह घटकर 112.820 मीटर और दोपहर में 112.810 मीटर हो गया। शाम को फिर बढ़कर 112.820 मीटर पहुंच गया।जलस्तर कम होने के बावजूद निचले इलाकों में स्थिति चिंताजनक है। अखलॉक नगर, झब्बूपुरवा, गुरीर्पुरवा समेत 17 मोहल्लों में पानी भरा है।लोगों को घरों में घुटने तक पानी के बीच रहना पड़ रहा है। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गगनीखेड़ा, हरिहरपुर मार्ग और फत्तेखेड़ा के मुख्य मार्ग पर जलभराव है।इससे आसपास के गांवों का संपर्क टूट गया है।ग्रामीण आवश्यक वस्तुएं नहीं ला पा रहे हैं।जलभराव से मच्छरों और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर नगर पालिका की टीम काम कर रही है। प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त सफाई कर्मी लगाए गए हैं। एंटी लार्वा का छिड़काव और चूने का प्रयोग किया जा रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि जलस्तर भले ही घटा हो, लेकिन उनके लिए हालात अब भी सामान्य नहीं हैं। प्रशासनिक इंतजामों के बावजूद उन्हें लंबे समय तक जलभराव से जूझना पड़ सकता है।

# रेलवे क्रासिंग पर ई रिक्शा चालक का मिला शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कोतवाली सदर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक ई-रिक्शा चालक का शांति नगर क्रॉसिंग पर शव मिला मृतक की पहचान सूरज (24) के रूप में हुई है। वह शेखपुर नहर के पास प्राइमरी विद्यालय के निकट अपनी मां और बहन के साथ रहता था। परिजनों के अनुसार, सूरज शुक्रवार की देर रात किसी बात पर नाराज होकर घर से निकल गया था। वह ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था।पिता के निधन के बाद घर की सारी जिम्मेदारी उसी पर थी। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि सूरज की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है।हालांकि, पुलिस अन्य संभावनाओं की भी जांच कर रही है। मौत के सटीक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से चलेगा। घटना की सूचना रेलवे पुलिस को भी दी गई है।मृतक की मां सुनीता श्रीवास्तव और बहन प्रियंका (28) का रो-रोकर बुरा हाल है।पड़ोसी और रिश्तेदार परिवार को सांत्वना दे रहे हैं।

## जुलूस के दौरान झंडा विद्युत तार से टकराया, करंट से 5 झुलसे

अमन लेखनी समाचार

मौरावां, उन्नाव। नगर पंचायत क्षेत्र में बारावफात के मौके पर निकाले गए जुलूस-ए-मोहम्मदी के दौरान एक हादसा हो गया।बीती देर शाम जुलूस में शामिल एक झंडे की स्टील रॉड बिजली की तारों से टकरा गई।इस हादसे में पांच युवक करंट की चपेट में आ गए। घायल युवकों में कलीम (मोहल्ला पटेबाजान), आसिफ (मोहल्ला फकीरहाई), आरिफ, सलमान और एक अन्य युवक शामिल हैं।सभी को पहले सीएचसी मौरावां ले जाया गया।वहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया।डॉक्टरों के अनुसार सभी युवकों की स्थिति अब खतरे से बाहर हैमौरावां थाना प्रभारी कुँवर बहादुर सिंह ने बताया कि जुलूस के दौरान सुरक्षा के लिए मौरावां फीडर की बिजली सप्लाई बंद की गई थी। आयोजकों ने कार्यक्रम समाप्त होने की सूचना देने के बाद बिजली सप्लाई बहाल की गई।इसी दौरान युवक झंडा लेकर लौट रहे थे और यह हादसा हो गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रक चालक की मौत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र अंतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ट्रक खड़ा कर चालक पानी की बोतल लेने के लिए दुकान पर पहुंचा था.पानी की बोतल कहने के बाद अचानक चालक मूर्छित होकर जमीन पर गिर गया और उसकी मौके पर तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई. जब तक एंबुलेंस पहुंचती तब तक चालक की मौत हो चुकी थी.हालांकि एंबुलेंस के माध्यम से शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ लाया गया है।मिली जानकारी के अनुसार प्रांत पंजाब के फिरोजपुर निवासी मुन्नाज 45 वर्ष पुत्र मुजीब आगरा की ओर से लखनऊ की ओर ट्रक लेकर जा रहा था. इस दौरान उसे प्यास लगी और ट्रक को साइड में खड़ा कर सर्विस पट्टी पर परचून दुकान से पानी की बोतल लेने के लिए पहुंच गया. दुकानदार के मुताबिक उसके मुंह से सिर्फ पानी नाम शब्द ही निकल सका उसके बाद वह नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी मुन्ना कुमार के मुताबिक चालक पानी लेने के लिए दुकान तक पहुंचा था वहां अचानक नीचे गिरकर उसकी मौत हुई है फिलहाल शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है परिजनों को दूरभाष केंद्र के माध्यम से सूचना दी गई है।

# ब्रजधाम समिति के तत्वाधान में चौथा मूर्ति स्थापना दिवस का आयोजन

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। विकास खंड हिलौली के गांव पटेढा कुटिया में मंदिर में नंद ब्रज धाम समिति के तत्वावधान में चौथा मूर्ति स्थापना दिवस का आयोजन किया गया।जहाँ सुंदरकांड पाठ के बाद पूजन अर्चन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पूरा दिन कुटिया का वातावरण भक्तिमय रहा। शनिवार को कुटिया स्थित मंदिर में सुबह सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड गायन सुन स्त्रोता भाव विभोर रहे। उसके बाद सर्वश्रेष्ठ ब्राह्मणों द्वारा पूरे विधिविधान पूजन अर्चन कार्य संपन्न हुआ फिर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में पहुंचे हिलौली ब्लाक प्रमुख दिलीप कुमार दीक्षित का समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा ने माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंट किया। ब्लाक प्रमुख दिलीप कुमार दीक्षित ने मंदिर का रास्ता जर्जर देख उसको प्रस्ताव में लेने के बाद बनवाने की बात कही। स्थानीय लोगो ने बताया कि रास्ता जर्जर होने के चलते लोगो को आने जाने में बहुत कठिनाई होती है। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही यहाँ इंटरलॉकिंग बिछाई जाएगी। समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कुटिया के आसपास जंगली बबूल के पेड़ हुआ करते थे उसके बाद यहाँ की साफ सफाई कराकर मंदिर का निर्माण कराया गया।सभी भक्तगण श्रद्धा भावना से यहाँ पूजा अर्चना कर अपनी अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की अरदास लगाते हैं।इस अवसर पर शिवकंठ त्रिपाठी, त्रिभुवन दीक्षित, बिपिन तिवारी, अश्वनी तिवारी, रमणेश अवस्थी, दुर्गेश तिवारी, कमलेश तिवारी,प्रमोद तिवारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने गौशाला का किया निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के बारा सगवर थाना क्षेत्र के ग्राम मलयपुर बक्सर गौशाला का मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने निरीक्षण कर अव्यवस्थाओं को दूर करने के निर्देश दिए। मलयपुर में लंबे अरसे से चल रही गोवंश की दुर्दशा को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के मंडलीय महामंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने शासन से शिकायत कर जांच कराए जाने की मांग की थी। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी महावीर सिंह गौशाला पहुंचकर निरीक्षण किया। पूरी गौशाला में हरी घास उगी थी गोबर व कंपोस्ट गौशाला में नही मिला 90 प्रतिशत गौवंशों को टैग लगा नहीं मिला पूरी गौशाला में गंदगी मिली भंडार गृह में भूसा लगभग 10 कुंतल मिला हरा चारा गौवंशो को नहीं मिल रहा । वेटरनरी चीफ डॉक्टर महावीर सिंह ने बीडिओ सुमेरपुर पंकज गौतम को फोन मिलाकर मलयपुर गौशाला की व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए ।

# एसपी ने नवनिर्मित द्वार व नवीनीकृत प्रभारी निरीक्षक कक्ष का किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने सफीपुर कोतवाली के भव्य एवम दिव्य द्वारा एवम नवीनीकृत प्रभारी निरीक्षक कक्ष का अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) प्रेमचंद्र एवम पुलिस उपाधीक्षक सफीपुर सोनम सिंह कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी की गरिमामई उपस्थित में करते हुए कहा नव निर्मित कोतवाली द्वार एवम प्रभारी निरीक्षक कक्ष के नवीनीकरण से बन जाने से सुदृढ़ कानून व्यवस्था ,सुरक्षा काठ फरियादियों, आगंतुकों को सुविधाजनक माहौल विकसित होगा इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई ₹राजा बेटा₹ सामाजिक कार्यकर्ता नागेंद्र सिंह सेंगर,जिला पंचायत सदस्य दिलीप मिश्र गुड्डू सहित कोतवाली के उप निरीक्षक, मुख्य आरक्षी /आरक्षी क्षेत्रीय समाज सेवी भी मौजूद रहे पुलिस अधीक्षक ने नगर की यातायात व्यवस्था जिससे जाम से निजात मिल सके उसके लिए यातायात पुलिस की तैनाती के सुझाव पर पुलिस उपाधीक्षक सोनम सिंह से उन जगहों को चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार करवाने का निर्देश दिया जहा यातायात पुलिस की आवश्यकता है पुलिस कप्तान ने जानकारी दी कोतवाली क्षेत्र की परियर पुलिस चौकी को थाने के रूप विस्तार देने का प्रस्ताव तैयार कराया जा चुका है जिसे स्वीकृत मिलते ही जल्द मूर्त रूप दिया जायेगा...आपको बताते चले कि पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने उप निरीक्षक सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने कोतवाली का प्रभार देने के बाद कानून व्यवस्था,सुरक्षा के साथ कोतवाली द्वारा के निर्माण का प्रमुख दायित्व सौंपा था जिसे उन्होंने अपने अधिकारी का आदेश मानकर चार्ज लेने के उपरांत ही कार्य शुरू करा दिया जनसहयोग एवम नगर पंचायत के माध्यम से भव्य द्वार एवम मार्ग में इंटर लाकिंग लगवाकर कोतवाली को भव्य स्वरूप प्रदान किया जिसकी पुलिस अधीक्षक सहित उपस्थित आगंतुक जनों से सराहना की..

# धूमधाम से निकाली गई गणेश महोत्सव की शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर में चल रहे गणेश उत्सव समापन के अवसर पर एक विशाल शोभायात्रा आधुनिक वाद्य यंत्रों के साथ धूमधाम से निकाली गई यह यात्रा नियत स्थान से शुरू होकर सारदा नहर में मूर्ति विसर्जन के बाद सम्पन्न हो गई। पूर्व से चल रहे गणेश उत्सव के तहत कार्यक्रम समापन के अवसर पर नगर में एक विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया इस दौरान संकट मोचन मंदिर ,मधु तिवारी के आवास व अभिषेक कुशवाहा के घर तीन स्थानों पर स्थापित मूर्तियों को एक साथ शोभायात्रा में शामिल किया गया यात्रा में सैकड़ो की संख्या में नाचते गाते अमीर गुलाल उड़ाते भक्त शामिल हुए।नगर से शुरू होकर क्षेत्र भ्रमण करते हुए कटिया भिखारी पुर गांव के निकट सारदा नहर में मूर्ति विसर्जन के बाद यात्रा का समापन हो गया।प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के बड़े भाई राजेश पाठक ने भी यात्रा में सहभागिता की तथा लोगो से मिलकर गणेश उत्सव की बधाई दी।



# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर की गई बैठक

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आगामी 13 सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर जनपद न्यायालय के केंद्रीय सभागार में समीक्षा बैठक हुई। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षा वाणी रंजन अग्रवाल ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में अपर जिला जज मनीष निगम ने लोक अदालत की व्यवस्थाओं की जानकारी दी।इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि और फाइनेंस कंपनियों के पदाधिकारी शामिल हुए।न्यायाधीश ने बताया कि लोक अदालत में आपसी सहमति से निपटाए जा सकने वाले मामलों का समाधान किया जाएगा। इनमें सिविल वाद, राजस्व वाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, आयकर, यातायात चालान और बैंक ऋण वसूली शामिल हैं। साथ ही मोटर दुर्घटना प्रतिकर, पारिवारिक मामले, उपभोक्ता विवाद और बिजली-जल कर से जुड़े मामले भी निपटाए जाएंगे।बैठक में निर्देश दिया गया कि अधिक से अधिक वाद चिन्हित किए जाएं। नोटिस की तामीली कम से कम दो बार की जाए।जनता को लोक अदालत के महत्व और लाभ के बारे में जागरूक किया जाए। न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत लंबित वादों को समाप्त करने का प्रभावी माध्यम है।यह जनता के समय और धन की बचत भी करता है।लोक अदालत में निपटाए गए मामलों के विरुद्ध अपील नहीं की जा सकती है।

# डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को बच्चों ने धूमधाम से मनाया

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगोत्री आदर्श इण्टर कॉलेज महरामऊ में डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिन को बच्चों ने अपने विद्यालय में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा लाया गया केक प्रधानाचार्य रामबाबू ने काटकर सभी बच्चों में वितरित करवाया। सभी छात्र व छात्राओं ने अध्यापकों को उपहार देकर सम्मानित किया।उन्होंने बताया कि डॉ. राधाकृष्णन का जन्म एक गरीब परिवार में हुआ था सन-1962 में पहली बार 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया था तभी से आज तक निरंतर हम इस दिन को टीचर्स डे/शिक्षक दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं।इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य ने बताया कि डॉ.राधाकृष्णन का मानना था कि बिना शिक्षा के इंसान कभी भी मंजिल तक नहीं पहुंच सकता है, इसीलिए इंसान के जीवन में एक शिक्षक का होना बहुत जरूरी है। इसी तरह से उनके जीवन के गुणों का बखान करते हुए विद्यालय के सहयोगी शिक्षक अमित कुमार यादव ने कहा - शिक्षक मनुष्य का निमार्ता होता है वह शिक्षक की नींव होने के साथ साथ मानव जाति की पूरी सभ्यता, वर्तमान और भविष्य की नींव है, शिक्षक के सहयोग के बिना किसी भी राष्ट्र का पुनर्निर्माण नहीं किया जा सकता हैं।वह ही राष्ट्र की संस्कृति का निमार्ता हैं, शिक्षक यानी जिसका एक शब्द निराशा के पलो में आशा का दीप बन जायें, ?ऐसे शिक्षकों को विद्यालय परिवार की ओर से, मेरी ओर से कोटि सह नमन। इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य राकेश कुमार, अध्यापक देश नारायण जितेन्द्र कुमार , जयहिंद, अमित कुमार यादव,निखिल, धर्मेन्द्र जगरुप रीतू , शालू शुक्ला, शालिनी आदि शिक्षकगण मौजूद रहें।

## शोभायात्राओं के साथ किया जा रहा है गणेश महोत्सव का समापन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।गणेश महोत्सव का समापन शोभायात्राओं के साथ किया जा रहा है।शुक्रवार शाम को गायत्री नगर से गजानन महाराज की प्रतिमा का विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों और डीजे की भक्ति धुनों पर नृत्य किया। 27 अगस्त से शहर में गणेश महोत्सव मनाया जा रहा था। पोनीरोड, मिश्रा कॉलोनी, गायत्री नगर, रूपनगर, बृहनगर, कंचन नगर, भातूफार्म और चंपापुरवा में गणेश पंडाल सजाए गए थे।दस दिनों तक श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।महाआरती, भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से पूरा नगर भक्तिमय हो गया।राजधानी मार्ग से शुरू हुई शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां निकाली गईं। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह फूल वर्षा कर गजानन का स्वागत किया। महिलाएं मंगलगीत गा रही थीं।बच्चे रंग-बिरंगे वस्त्रों में नृत्य कर रहे थे।नगरवासियों के साथ आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। गणेश महोत्सव समिति के अनुसार, नगर में 24 से अधिक स्थानों पर गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं।कुछ प्रतिमाओं का विसर्जन शुक्रवार को किया गया।शेष प्रतिमाओं का विसर्जन शनिवार को होगा।

# आवारा कुत्तों को लेकर एसडीएम ने पशु चिकित्साधिकारी को लिखा पत्र

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। आवारा कुत्तों द्वारा आमजनों को काटने व नुकसान पहुंचाने की घटना का संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने पशु चिकित्साधिकारी को पत्र लिखकर आवश्यक कार्यवाही करने व अवगत कराने का निर्देश दिया है। बीते दिनों आवारा कुत्तों ने क्षेत्र के एक गांव में दो बच्चों को अपना शिकार बनाया था जबकि कस्बा पुरवा में भी एक किशोर पर हमला बोला था। सभी घायलों का इलाज स्वास्थ्य केंद्र में हुआ।उक्त घटनाक्रम का संज्ञान लेते हुए एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने पशु चिकित्साधिकारी को पत्र लिखकर उक्त घटनाओं से अवगत कराया तथा आवश्यक कार्यवाही का निर्देश देते हुए कृत कार्यवाही से अवगत कराने का भी निर्देश दिया।एसडीएम ने बताया कि ग्रामीण लगातार आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग कर रहे हैं लेकिन नगर पंचायत व नगरपालिका के जिम्मेदार उदासीन हैं। इस प्रकरण में माननीय सर्वोच्च न्यायालय का भी स्पष्ट निर्देश है। टीकाकरण की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ आवारा कुत्तों को पकड़वाने की व्यवस्था स्थानीय प्रशासन की है।

## कुर्की के भय से आरोपी युवक ने कोर्ट में किया आत्म समर्पण

सुमेरपुर, उन्नाव।बलात्कार एवं दहेज उत्पीड़न के आरोपी ने कुर्की आदेश के डर से न्यायालय मे समर्पण कर दिया ।कोर्ट ने पुलिस अभिरक्षा मे लेकर जेल भेज दिया बिहार थाना क्षेत्र एक गाँव निवासी युवती ने वर्ष 2021 मे लखनऊ जनपद के माल थाना क्षेत्र के ग्राम आठगढी.निवासी आदर्श सिंह पुत्र भूपेंद्र सिंह पर शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाने एव मारपीट कर जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं मे थाना बिहार मे तहरीर देकर आदर्श सिंह व उनकी मां ,बहन और भाभी सहित 8 लोगों पर आई पी सी की धारा 365,376,325,504,506 व 3/4 डी पी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करवाया था ।

# मेधावी छात्र को नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि ने किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव।नगर पंचायत के मोहल्ला चलाकन टोला निवासी इरफान खान पुत्र सरदार आलम ने नगर एवम क्षेत्र को गौरांवित करते हुए यूजीसी-नेट, की परीक्षा में 99.33 प्रतिशत अंक हासिल कर जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी दिल्ली में अरबी साहित्य से पीएचडी में प्रवेश लिया उसकी इस उपलब्धि पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवम अर्चना परिषद के अध्यक्ष सौरभ बाजपेई ₹राजा बेटा₹ने आज नगर के सभ्रांत लोगो की उपस्थिति में उसे एवम उसके पिता को सम्मानित करते हुए नगर के गौरव रहे मूर्धन्य साहित्यकार बाबू भगवती चरण वर्मा की प्रतिमा भेंट कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया बताते चले गरीबी में गुजर बसर करने वाला मेधावी छात्र मोहम्मद इरफान खान हाफिज ए कुरआन भी है यानी पूरा कुरान उन को कंठस्थ है और तकरीबन 10 साल से मोहल्ला पीर जाद गान की एक मस्जिद में तराबीह भी सुनाते हैं इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता शंभू नारायण शुक्ला,प्रेम नारायण तिवारी,ओम प्रकाश गुप्ता किरन,सोनू श्रीवास्तव, ताहिर अंसारी कमलेश गुप्ता,मुकुल गौड़, नगर पंचायत लिपिक होरीलाल भी मौजूद रहे।

## उप निबंधक कार्यालय में सर्वर न आने से क्रेता विक्रेता परेशान

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव।उप निबंधक कार्यालय में सर्वर न आने की वजह से लगभग 25 लाख रुपए राजस्व का नुकसान हो गया ,28 से अधिक रजिस्ट्री कराने आए क्रेता विक्रेता देर शाम साढ़े चार बजे तक इंतजार करने के बाद मायूस होकर वापस लौट गए, हसनगंज उप निबंधक रजिस्ट्री कार्यालय में शनिवार को सुबह 10 बजे देर शाम चार बजे तक सर्वर डाउन रहा जिससे जमीन की रजिस्ट्री करने आए रवींद्र यादव, निवासी उदित खेड़ा काकोरी, पिंटू यादव काकोरी,निर्मला देवी , राज किशोर सिंह आदम पुर बरेठी, प्रदीप सिंह मलाव निवासी किसान ने बताया कि जमीन की रजिस्ट्री करने भी आए थे, लेकिन सुबह से ही सर्वर न होने की वजह से देर शाम साढ़े चार बजे तक इंतजार करना पड़ा सर्वर न आने की वजह से मायूस होकर वापस लौट गए , उपनिबंधक कार्यवाहक देवेश कुमार ने बताया कि सर्वर की दिक्कत सुबह से ही थी जिसकी वजह से रजिस्ट्री नहीं हो पाई है,जो भी रजिस्ट्री है वो सोमवार को होगी, 25 लाख रुपए राजस्व का नुकसान का अनुमान है।

## सम्पादकीय

# सोशल मीडिया पर लगाम कसना समय की जरूरत

दुनियाभर में सोशल मीडिया को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इसमें दोराय नहीं होनी चाहिए कि अनेक मौकों पर सोशल मीडिया में समाज में एकजुटता लाने में अहम भूमिका निभाई है। नागरिक अधिकारों को लेकर अनेक देशों में छिड़े आंदोलनों में इसी मीडिया का महती योगदान रहा। ट्यूनीशिया से लोकतंत्र समर्थक आंदोलन को गति देने में सोशल मीडिया ने बड़ी भूमिका थी। दुनिया ही नहीं, भारत में भी अण्णा आंदोलन की सफलता की जड़ में सोशल मीडिया ही था। इसका इतना प्रचार हुआ कि इंडिया अगेंस्ट करप्शन की जड़ें देश के गांव-देहात तक पहुंचने में महज कुछ ही दिन लगे। इतना ही नहीं, दिल्ली के निर्भया कांड को कौन भूल सकता है। यह सोशल मीडिया पर इतना चर्चित हुआ कि सरकार को आधी आबादी की सुरक्षा के लिए कानून में बदलाव करना पड़ा। देश से लेकर विदेशों तक के लोगों को एक साथ जोड़ने में सोशल मीडिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यही वजह रही कि सोशल मीडिया को वैश्विक इतिहास का सबसे क्रांतिकारी आविष्कार कहा जाने लगा, लेकिन बीते कुछ बरसों में ऐसा बहुत कुछ हुआ जिससे यही सोशल मीडिया दैत्याकार और विनाशक के रूप में देखा जाने लगा है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता कि सोशल मीडिया में बहुत कुछ अच्छा प्रसारित हो रहा है, लेकिन इस अच्छे की तुलना में फेक न्यूज, भ्रामक सामग्री और किसी की भी इज्जत उछालने वाला कटेंट अधिक फैलाया जा रहा है। इससे न सिर्फ लोगों का भ्रम बढ़ा है, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था की चुनौती भी बढ़ी है। फेक न्यूज को ऐसे फैलाया जाता है कि सामान्य यूजर तक उसकी सच्चाई नहीं समझ पाता। इसी संदर्भ में सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने तो यहां तक कह दिया कि वे सोच रहे हैं कि एंड्रॉयड फोन की बजाय फीचर फोन ले लें, ताकि नकारात्मकता से बचे रह सकें। सोशल मीडिया समाज में नकारात्मकता का जहर घोल रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2025 तक भारत में लगभग 491 मिलियन (59.1 करोड़) सोशल मीडिया उपयोगकर्ता थे, जो देश की कुल जनसंख्या का 33.7 फीसदी है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि हर साल इनमें में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। आंकड़े बताते हैं कि देश में 56.6 करोड़ से अधिक फेसबुक उपयोगकर्ता हैं। 491 मिलियन (करीब 49.1 करोड़) लोग यूट्यूब और 414 मिलियन (41.4 करोड़) इंस्टाग्राम चलाते हैं। हालांकि इनमें एक बड़ी भीड़ महज मनोरंजन के लिए सोशल मीडिया पर है। इन्हें जो परोसा जा रहा है, उस पर भी विचार किया जाना बहुत जरूरी है। यही टिप्पणी बुधवार को कर्नाटक हाईकोर्ट ने की। हाईकोर्ट ने कहा कि आजकल यूट्यूब पर झूठी और आपत्तिजनक बातें इतनी आसानी से फैल रही हैं कि इन्हें रोकने के लिए मानहानि का कानून काफी नहीं है। लोग बेझिझक किसी को भी बदनाम कर रहे हैं और उनकी निजी जिंदगी में दखल दे रहे हैं, इस पर काबू पाने के लिए एक ठोस नीति बनाने की जरूरत है। हाईकोर्ट कन्नड़ प्रभा के एडिटर-इन-चीफ रवि हेगडे की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। यह पहला मौका नहीं है जब किसी अदालत ने ऐसी टिप्पणी की हो। सरकार को चाहिए कि सोशल मीडिया को लेकर एक कानून बनाए, जिसमें एक लक्ष्मण रेखा तय की जाए ताकि कोई उसे पार करने की हिम्मत न करें। आम जनमानस को भी चाहिए कि भ्रामक प्रचार करने वाले सोशल मीडिया चैनलों का बहिष्कार करें। तभी उन पर लगाम लग सकेगी। यही समय की जरूरत है।



एसआईआर
शशिधर खान

> चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 'संदिग्ध नागरिकता' को लेकर लगभग 3 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी किया है। जिन लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं, उनके बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार और यहां तक कि अफगानिस्तान से भी आने का संदेह है। ये मतदाता पश्चिम बंगाल और नेपाल की सीमा से सटे पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, मधुबनी, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, सुपौल के हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान बिहार में विपक्षी दलों के रवैए पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने से कई गुना ज्यादा आवेदन चुनाव आयोग को नाम काटने के लिए मिला है।

# तूल पकड़ रहा बिहार में घुसपैठिया विवाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने फिर दोहराया है कि असम के साथ पूरे देश को अवैध विदेशी घुसपैठियों से मुक्त कराने का वादा निभाएंगे। गुवाहाटी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमने असम से ही यह वादा किया था, जिसे 10 साल में पूरा नहीं कर पाए, लेकिन वादा निभांएगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर भाषण में घोषित केन्द्र का उच्चस्तरीय जनसांख्यिकी मिसन घुसपैठियों की पहचान दिशा में एक निर्णायक कदम है। केन्द्रीय गृह मंत्री उस समय यह बात कर रहे थे, जब सुप्रीम कोर्ट घुसपैठियों को निकाल बाहर करने का आधार और बंगला भाषा को इसका जरिया बनाने के आरोपों पर केंद्र सरकार को जवाब-तलब कर रही थी। जस्टिस सूर्यकान्त और जस्टिस जोयमाल्या बागची की सुप्रीम कोर्ट पीठ ने 29 अगस्त को केंद्र सरकार से कहा कि स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रक्रिया (एसओपी) अधिसूचना को स्पष्ट करें, जिसमें अधिकारियों को अवैध आप्रवासियों की देशव्यापी पहचान अभियान चलाने और उन्हें निकाल बाहर करने को अधिकृत किया गया है। सुप्रीम कोर्ट पीठ ने केंद्र से इन आरोपों पर भी जवाब मांगा कि बंगला-भाषी अल्पसंख्यकों को लक्ष्य करके यह अभियान चलाया जा रहा है।

29 अगस्त को ही अमित शाह असम के मतदाताओं से अपना वादा याद दिला रहे थे। उसी दिन चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 'संदिग्ध नागरिकता' को लेकर लगभग 3 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी किया है। जिन लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं, उनके बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार और यहां तक कि अफगानिस्तान से भी आने का संदेह है। ये मतदाता पश्चिम बंगाल और नेपाल की सीमा से सटे पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, मधुबनी, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, सुपौल के हैं। उनमें ज्यादातर बंगला भाषी अल्पसंख्यक समुदाय के लोग हैं। किशनगंज जिले से रिपोर्ट है कि नेपाल से आयी बहुओं का नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ रहा है। बंगला भाषी अल्पसंख्यकों को लक्ष्य करके एसओपी अभियान चलाने का केंद्र सरकार पर आरोप पश्चिम बंगाल से निकलकर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा है और सबसे ज्यादा इसको लेकर विवाद पश्चिम बंगाल में ही तूल पकड़ा है ।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने राज्य के साथ-साथ असम में भी बड़ी तादाद में बंगलाभाषी अल्पसंख्यकों के समर्थन में केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया है। केंद्र की ओर से सुप्रीम कोर्ट में जवाब देने पहुंचे अटोर्नी जनरल तुषार मेहता ने पीठ के दोनों जजों को यह कहकर आश्वस्त करना चाहा कि स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रक्रिया (एसओपी) अभियान को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता संगठन के पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा समर्थन किया जाना 'दुर्भाग्यपूर्ण' है। उन्होंने शीर्ष कोर्ट पीठ को बताया कि 'भारत अवैध आप्रवासियों की विश्व राजधानी नहीं है। घुसपैठ की समस्या संसाधन चटकर जाती है,जो भारतवासी नागरिकों के लिए है।' एसओपी अधिसूचना केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 02 मई को जब जारी की और विदेशी घुसपैठियों की पहचान निकाल-बाहर अभियान शुरू हुआ, उसी समय सुप्रीम कोर्ट में इसे चुनौती दी गयी। याचिका दायर करने वाले



पश्चिम बंगाल आप्रवासी कामगार कल्याण बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि 'बांग्लादेशी' होने के संदेह में बंगाली बोलने वाले पश्चिम बंगाल के मुसलमानों को लक्ष्य करके उन्हें हिरासत में रखा जा रहा है। बंगाल आप्रवासी कामगार बोर्ड की ओर से एडवोकेट प्रशांत भूषण ने एक गर्भवती महिला सोमाली बीबी का मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने पेश किया और बताया कि उसकी नागरिकता निर्धारित किए बगैर सोनाली बीबी को कथित रूप से बांग्लादेश भेज दिया गया। उन्होंने दलील दी कि इस तरह निकाल-बाहर करना अवैध है, क्योंकि इसके लिए कोई प्रक्रिया नहीं अपनाई गयी और इस बात के भी सबूत नहीं हैं कि ऐसे लोगों को स्वीकार करने के लिए बांग्लादेश से कोई समझौता हुआ है।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से एक दिन पहले 28 अगस्त को भारत और बांग्लादेश के बीच घुसपैठ पर रोक लगाने के संबंध में सहमति बनी है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना अपदस्थ किए जाने के बाद 5 अगस्त को भारत आ गयीं। उसके बाद से दोनों देशों के रिश्ते बिगड़े हुए हैं लेकिन घुसपैठ पर अंकुश लगाने के मामले पर सीमा सुरक्षा बल के डायरेक्टर जनरल दलजीत सिंह चौधरी के नेतृत्व में गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने ढाका जाकर बातचीत की। ढाका ने भारतीय सीमा सुरक्षा बल पर अवैध रूप से आप्रवासियों को भेजने का आरोप लगाया। बांग्लादेशी सीमा सुरक्षा बल का आरोप था कि भारतीय और म्यांमार राष्ट्रीयता वालों को गैरकानूनी तरीके से बांग्लादेश भेजा जा रहा है। जबकि भारतीय अधिकारियों का कहना था कि आपसी सहमति से अपनायी गयी प्रक्रिया के तहत घुसपैठियों को निकाला जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट पीठ ने माना कि यह 'जटिल मुद्दा' है और विभिन्न देशों ने इस पर अलग-अलग नीतियां अपना रखी है। संयोग कुछ ऐसा है कि बिहार के मतदाता सूची विवाद की सुनवाई कर रही सुप्रीम कोर्ट पीठ के एक जज जस्टिस सूर्यकान्त ने ही नागरिकता कानून के सेक्शन 6ए पर फैसला लिखा था, जो बांग्लादेश से आए आप्रवासियों को नागरिकता देने से जुड़ा है। अगले वर्ष असम और पश्चिम बंगाल में विधान सभा चुनाव है। इसलिए दोनों राज्यों के लिए एसओपी मायने रखता है। घुसपैठियों वाले मुद्दे पर पश्चिम बंगाल में भाजपा ने अच्छी खासी विधान सभा और लोकसभा सीटें जीती हुई हैं। बिहार में इसी साल नवंबर में चुनाव है। भाजपा को यहां सरकार का नेतृत्व संभालने का अवसर नहीं मिला है। भाजपा मशहूर पलटू राम नीतीश कुमार के सहारे सत्ता में शामिल हुई है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से 2 मई को जारी एसओपी अधिसूचना और उसके अनुसार चुनाव आयोग की कार्रवाई बिहार को ही लेकर विवाद में है।

संयोग कुछ ऐसा रहा कि बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के एसआईआर अभियान और घुसपैठ वाला विवाद एक साथ सुर्खियों में आया । इस पर संसद के मानसून सत्र में हंगामा, बिहार में मतदाता सूची विवाद और पश्चिम बंगाल में एसओपी के तहत अधिकारियों द्वारा घुसपैठियों की पहचान तथा निकाल-बाहर प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई लगभग साथ-साथ थोड़े-थोड़े समय के अंतर से चल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान बिहार में विपक्षी दलों के रवैए पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने से कई गुना ज्यादा आवेदन चुनाव आयोग को नाम काटने के लिए मिला है ,जबकि उन्हीं दलों ने एसआईआर पर रोक लगाने की अर्जी चुनाव आयोग पर सत्यापन के बहाने वोटरों के नाम हटाने का आरोप लगाकर दायर की थी । सुप्रीम कोर्ट पीठ ने कहा कि सूची से हटाए गये जिन 65 लाख मतदाताओं को चुनाव आयोग ने दावा दाखिल करने का नोटिस दिया है उनकी सहायता कोई भी राजनीतिक दल नहीं कर रहे हैं।

मानसिक स्वास्थ्य
डॉ. नीलू तिवारी



# महिलाओं में भी तेजी से घर कर रहा अवसाद

हाल ही में उत्तर प्रदेश में एक दिल को छूने वाली घटना घटी, जब मानसिक अवसाद से ग्रस्त रानी देवी 17 साल बाद अपने परिवार से मिलीं। रानी देवी की यह घटना समाज के लिए एक बड़ी सीख है। उत्तर प्रदेश के झांसी की रहने वाली रानी देवी वर्ष 2008 में घर से अचानक लापता हो गईं। परिवार ने हर जगह तलाश की, पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई और अखबारों में गुमशुदगी का विज्ञापन छपवाया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। धीरे-धीरे परिवार को यह यकीन हो गया कि वह शायद कभी लौटकर नहीं आएंगी। असल में रानी देवी गंभीर मानसिक अवसाद से जूझ रही थीं। घरेलू दबाव, आर्थिक तंगी और पारिवारिक उपेक्षा ने उन्हें भीतर से तोड़ दिया था। इसी मानसिक स्थिति में उन्होंने घर छोड़ दिया और अजनबी शहरों में भटकती रहीं। साल 2025 में एक पुनर्वास केंद्र में समाजसेवियों की नजर उन पर पड़ी। आधार कार्ड और स्थानीय पुलिस की मदद से उनकी पहचान की गई। खबर मिलते ही परिवार को विश्वास नहीं हुआ कि 17 साल से बिछड़ी रानी देवी सचमुच मिल गई हैं। अब बात करते हैं मूल समस्या की। असल में देश में महिलाओं का मानसिक अवसाद केवल स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा नहीं है, बल्कि यह एक बहुआयामी सामाजिक समस्या है। भारत जैसे देश में जहां पारंपरिक सोच और आधुनिक जीवनशैली आपस में टकराती हैं, वहां महिलाएं दोहरी चुनौतियों से गुजरती हैं। एक ओर उनसे पारंपरिक भूमिकाएं निभाने की अपेक्षा की जाती है, वहीं दूसरी ओर आधुनिक प्रतिस्पर्धी समाज में बराबरी साबित करने का दबाव उन पर होता है। यह द्वंद्व की स्थिति उनके मानसिक स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित करती है। महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य की समस्या एक गंभीर सामाजिक मुद्दा भी है। पारंपरिक समाज में अक्सर महिलाओं की भावनाओं और उनके मानसिक स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिसके कारण वे अवसाद, चिंता और तनाव जैसी बीमारियों का सामना करती हैं। हाल के शोध बताते हैं कि भारत में अवसाद से पीड़ित कुल मरीजों में लगभग आधी संख्या महिलाओं की है। प्राथमिक देखभाल स्तर पर महिलाओं में अवसाद की व्यापकता औसत 41 प्रतिशत है, जो सामाजिक और आर्थिक दबाव, घरेलू हिंसा और शिक्षा की कमी जैसी वजहों से और बढ़ जाती है। वृद्ध महिलाओं में स्थिति और गंभीर होती है, 50 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं में अवसाद की दर 21.7 प्रतिशत पाई गई, जबकि 60 वर्ष से अधिक आयु में यह दर 9.5 प्रतिशत थी, जो पुरुषों की तुलना में अधिक है। मानसिक स्वास्थ्य की कमी और अवसाद का परिणाम आत्महत्या की घटनाओं में भी दिखाई देता है। एनसीआरबी के अनुसार, 2021 में भारत में 164,033 आत्महत्याएं हुईं, जिनमें 48,172 महिलाएं शामिल थीं। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं कि परिवार, समाज और स्वास्थ्य संस्थाओं की मदद के बिना महिलाएं अवसाद के प्रभाव से उबरने में सक्षम नहीं हो पातीं। 2025 के हालिया आंकड़े दर्शाते हैं कि भारत में अनुमानित रूप से लगभग 41.9 प्रतिशत महिलाएं किसी न किसी रूप में अवसाद का सामना कर रही हैं। प्रजनन आयु की महिलाओं में मानसिक संकट की दर और भी अधिक पाई गई है। प्रसवोत्तर महिलाओं में भी 19-23 प्रतिशत की दर से अवसाद की घटनाएं दर्ज की गई हैं। शहरी महिलाएं नौकरी, परिवार और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन बनाने की कोशिश में मानसिक दबाव झेलती हैं। ग्रामीण भारत में मानसिक अवसाद से ग्रस्त महिलाओं की स्थिति और भी जटिल हो जाती है, क्योंकि वे समय पर सही इलाज तक नहीं पहुंच पातीं। स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, अशिक्षा, गरीबी और समाज में मानसिक रोगों को लेकर व्याप्त अंधविश्वास इसके मुख्य कारण हैं। महिलाओं में अवसाद की समस्या का समाधान केवल दवाओं या काउंसलिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। योग, ध्यान, प्राणायाम और नियमित व्यायाम महिलाओं की मानसिक स्थिति को काफी हद तक संतुलित कर सकते हैं। सरकारी स्तर पर भी कई कदम उठाए जा रहे हैं जैसे टेली-मानस हेल्पलाइन, मानसिक स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती पर विशेष योजनाएं और राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम।


## आनंद आपके भीतर है, खोजने की जरूरत नहीं



संकलित
दर्शन

कल्पना क्या है और सच्चाई क्या है! इसे समझने के लिए आपकी जड़ का मजबूत होना जरूरी है। सारी कल्पनाएं आपके अंदर हैं। यह कल्पना नहीं है, यह सच है। कल्पना में डूबना बड़ा आसान है, सच्चाई को जानना बहुत मुश्किल है। जिसको आप खोज रहे हैं, वह आपके अंदर है। उसे जानिए, पहचानिए, उसके साथ थोड़ा समय बिताइए, क्योंकि उसमें सबकुछ है। जो आपके भीतर है, वह है शांति। किसी चीज का न होना शांति नहीं है। किसी चीज का होना शांति है। जब मनुष्य खुद को जानेगा, खुद को समझेगा, तब उसके जीवन में शांति होगी। जैसे भोजन खा लेने पर भूख खत्म होती है, उसी प्रकार खुद को जान लेने पर तृष्णा मिट जाती है। शांति मिल जाती है। सोचें कि यह शरीर आपको क्यों मिला है? जिन तत्त्वों से शरीर बना है, वे सारे तत्त्व वहीं वापस चले जाएंगे जहां से ये आये थे। जिस तरह पानी, पानी में मिल जाता है। सारी चीजें प्रकृति में घुल जाएंगी। क्या समझते हैं आप कि जब बच्चा पैदा होता है तो इस धरती का वजन बढ़ता है! या जब कोई मर जाता है तो इस धरती का वजन कम होता है! वजन न तो बढ़ता है न कम होता है। क्योंकि जिन चीजों से आप बने हुए हैं वे तो अभी यही हैं। परंतु क्या आपने उस चीज को जाना, समझा जो आपके शरीर के अंदर है? इसे जान गए, पहचान गए, फिर आनंद ही आनंद है। आपका नाम आपके शरीर का नाम है। नाम कमाने से क्या होगा। नाम नहीं, ज्ञान कमाइये। आनंद कमाइए। ये आप अपने साथ ले जा सकते हैं।

## ह्रदय से जो जाओगे सबल समझूंगा तोहे



संकलित
प्रेरणा

एक बार सूरदास जी चलते-चलते मार्ग में एक गहरे गड्ढे में गिर गए और निकलने के सारे प्रयास असफल हो गये। अपने कान्हा को ही पुकारने लगे, एक भक्त अपने जीवन में विपत्ति काल में प्रभु को ही तो पुकारता है। जैसे ही सूरदास जी ने कान्हा को याद किया, प्रभु भी उसकी पुकार सुने बिना नहीं रह पाए! सच है जब एक भक्त दिल से पुकारता है तो यह टीस प्रभु के दिल में भी उठा करती है। उसी समय एक बाल गोपाल के रूप में वहाँ प्रकट हो गए, और प्रभु के पांव की नन्ही-नन्ही सी पैजनिया की छन-छन की आवाज सुनते ही सूरदास जी को समझते देर न लगी। कान्हा उनके समीप आये और बोले अरे बाबा नीचे क्या कर रहे हो, लो मेरा हाथ पकड़ो और जल्दी से ऊपर चले आओ। जैसे ही सूरदास जी ने इतनी प्यारी सी मिश्री सी घुली हुई वाणी सुनी तो जान गए की मेरा कान्हा आ गया, और बहुत प्रसन्न हो गए, और कहने लगे की अच्छा कान्हा, बाल गोपाल के रूप में आ गए, कन्हाई तुम आ ही गए न? बाल गोपाल कहने लगे अरे कौन कान्हा ? किसका नाम लेते जा रहे हो,जल्दी से हाथ पकड़ो और ऊपर आ जाओ, ज्यादा बातें न बनाओ। सूरदास जी मुस्कुरा पड़े और कहने लगेः सच में कान्हा तेरी बांसुरी के भीतर भी वो मधुरता नहीं, माना कि तेरी बांसुरी सारे संसार को नचा दिया करती है लेकिन तेरे भक्तों का दुःख तुझे नचा देता है। क्यों कान्हा सच है न? तभी तो तू दौड़ा चला आया। जैसे ही उन्होंने इतना कहा सूरदास जी ने झट से कान्हा का हाथ पकड़ लिया और उस मंगलमय ब्रह्मसंस्पर्श से वे रोमांचित हो उठे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### राष्ट्रभाषा का विचार अधर में लटका

दक्षिणी राज्यों में हिंदी के विरोध की खबरें प्रधानमंत्री शास्त्री के समय से आज की भाजपा सरकार के वक्त भी सुनी जा रही हैं। तीन भाषाई फार्मूला सबके ध्यान में है, मगर उसकी व्याख्या अलग-अलग ढंग से की जाती है। जिन उत्तरी राज्यों में हिंदी मातृभाषा हो, तो तीसरी भाषा तेलुगू या तमिल होना तय था। मगर ऐसा न करके संस्कृत पढ़ाई गई। दक्षिणी राज्यों में हिंदी का यूं ही सुझाव था। फार्मूला सरल रास्ते ढूंढने के चक्कर में बिखर गया। कभी हिंदोस्तानी राष्ट्रभाषा का विचार भी रहा। नेता जी सुभाषचंद्र बोस के विचार को अधर में छोड़ दिया गया। राष्ट्रभाषा का सवाल भी अधर में लटका रहा। – *ललित शुक्ला, जगदलपुर*

### ट्रेंड

#### सुरक्षाबलों का समर्पण



जब तक सारे नक्सली या तो आत्मसमर्पण न कर दें, पकड़े न जाएँ या समाप्त न हो जाएँ, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे। इस संकल्प को पूरा करने में हमारे सुरक्षाबलों के त्याग और समर्पण पर पूरे देशवासियों को गर्व है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

#### राहत कार्य जारी



भारी बारिश और अधिप्रवाह से मुंगेशपुर ड्रेन में दिल्ली सीमा से लगभग 1 किलोमीटर आगे झज्जर, हरियाणा क्षेत्र से लगते किनारे के कटाव से उत्पन्न हुई आपदा पर दोनों राज्यों के अधिकारी प्रभावित इलाकों से स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचा रहे हैं और राहत कार्यों में जुटे हैं।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

#### शिवालय पार्क विवाद



कानपुर के प्रसिद्ध बुद्धा पार्क में शिवालय पार्क बनाने का अति-विवादित प्रस्ताव रद्द करने का स्वागत है। उम्मीद है कि यूपी सरकार आगे कहीं भी ऐसा कोई विवाद खड़ा करने के षड्यंत्र को गंभीरता से लेकर इसके विरुद्ध सख्ती करेगी।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

#### सरकार का अभियान



वर्तमान सरकार नाम बदल कर गांव चलो और शहर चलो अभियान लाना चाहती है। बेहतर होता कि हमारे समय शुरू किए गए अभियान को पहले ही नाम बदलकर जारी रख लेती और इतना विलंब न करती।

-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### करंट अफेयर

## पश्चिम एशिया की निगरानी बढ़ाने के लिए उपग्रह प्रक्षेपित



इजराइल ने एक नया जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित किया है, जिसके बारे में रक्षा अधिकारियों का कहना है कि यह आने वाले वर्षों में पश्चिम एशिया में उनकी निगरानी क्षमता को मजबूत करेगा।सैन्य अधिकारियों और रक्षा मंत्री इजराइल कात्ज ने बुधवार को कहा कि मंगलवार देर रात प्रक्षेपित किया गया यह उपग्रह इजराइल की उस क्षमता को बढ़ाएगा, जिसके जरिए उसने इस साल की शुरुआत में हुए 12 दिनों के युद्ध के दौरान ईरान से जुड़ी 12,000 तस्वीरें जुटाई थीं। कात्ज ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'यह हमारे सभी दुश्मनों के लिए भी एक संदेश है, चाहे वे कहीं भी हों– हम हर समय और हर परिस्थिति में आप पर नज़र रख रहे हैं।

### ऑफ बीट

## हर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ नुकसानदायक नहीं



सभी प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ एक जैसे नहीं होते और न ही सभी हानिकारक होते हैं। यदि आप सुविधाजनक लेकिन सुरक्षित विकल्प चुनना चाहते हैं, तो खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग पर लेबल पढ़ते समय कुछ बातों का ध्यान रखा जा सकता है। प्रसंस्करण की श्रेणियां क्या हैं? शोधकर्ता नोवा (एनओवीए) वर्गीकरण प्रणाली का उपयोग करके खाद्य पदार्थों को चार प्रसंस्करण स्तरों में बांटते हैं : समूह 1 : अप्रसंस्कृत या न्यूनतम रूप से प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ जैसे फल, सब्ज़ियां, दूध, अंडे, मांस, दालें, साधारण दही, अनाज आदि। इन्हें घर पर सीधे खाया या न्यूनतम पकाया जा सकता है।

## संक्षेप

### मिठाई और डेयरी की दुकानों पर कार्रवाई

**स्वीट्स शॉप से 45 किलो मिठाई नष्ट की, 5 तहसीलों की 15 दुकानों से लिए 21 सैम्पल**

सुलतानपुर, त्योहारों से पहले डीएम कुमार हर्ष के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस दौरान जिले की पांच तहसीलों में मिठाई और डेयरी उत्पादों की दुकानों की जांच की गई। एसडीएम सदर बिपिन द्विवेदी ने तहसील सदर में तीन दुकानों से पांच नमूने लिए गए। इनमें आजाद मिल्क, रॉयलिस्टो फूड प्रोडक्ट और वर्धन एग्रो एंड लाइफ स्टॉक शामिल हैं। लम्भुआ तहसील में राज लक्ष्मी, आजीविका और आराधना स्वीट्स से पांच नमूने लिए गए। बल्दीराय तहसील में राशि स्वीट्स हाउस, संतोष कुमार और सामर्थ दूध डेयरी से चार नमूने एकत्र किए गए। कादीपुर तहसील में एम.के. बेकर्स, क्षत्रिय स्वीट्स, बंगाली स्वीट्स और मधुर स्वीट्स हाउस से चार नमूने लिए गए। जयसिंहपुर तहसील में तुलसीराम स्वीट्स और सिमरन स्वीट्स से तीन नमूने लिए गए। सभी नमूने जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजे गए हैं। विशेष कार्रवाई में क्षत्रिय स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट से 30 किलो छेना, 10 किलो लड्डू और 5 किलो बर्फी को नष्ट किया गया। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत की गई।

### पीएम मोदी की मां को गाली देने का मामला

**सपा नेता बोले-भाजपा ने खुद खराब की भाषा की मयार्दा, सरकार में चल रहा आंतरिक विवाद**

सुलतानपुर, सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व विधायक अनूप संडा ने प्रधानमंत्री मोदी की माता को दी गई गाली के मामले पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि किसी की मां को सार्वजनिक रूप से गाली देना निंदनीय है। दोषी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई भी हुई है। संडा ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि इस देश में मां को गाली देने की प्रवृत्ति को भाजपा ने बढ़ावा दिया है। उन्होंने एक टीवी डिबेट का जिक्र किया, जहां भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस प्रवक्ता की मां पर अभद्र टिप्पणी की थी। उन्होंने सवाल किया कि क्या तब भाजपा ने अपने प्रवक्ता के खिलाफ कोई कार्रवाई की थी। एबीवीपी छात्र नेताओं की पुलिस पिटाई के मामले पर भी संडा ने टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में आंतरिक विवाद चल रहा है।

### डायल 112 के सिपाही पर व्यापारी से अभद्रता का आरोप

**24 घंटे बाद भी कार्रवाई नहीं, व्यापारियों ने थाने पहुंचकर जताया विरोध**

सुल्तानपुर, सुल्तानपुर के मोतिगरपुर में डायल 112 पर तैनात सिपाही के खिलाफ व्यापारी पिता-पुत्र से अभद्रता और धमकी देने का मामला सामने आया है। सिपाही पर 24 घंटे बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। दर्जनों व्यापारी स्थानीय थाने पहुंचे। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मोतिगरपुर के अध्यक्ष मुकुंद मिश्र और उपाध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापारी आंदोलन करेंगे। थानाध्यक्ष विजय सिंह ने व्यापारियों और पीड़ित से मिलकर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# समाधान दिवस में नहीं पहुंचे डीएम एसपी, फरियादियों के चेहरे पर दिखी निराशा

## सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



बहराइच। शनिवार को तहसील मिहीपुरवा में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया समाधान दिवस में जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक को आना था जिसकी सूचना लोगों को दी गई थी काफी दूर दराज से लोग अपनी समस्या का समाधान कराने के लिए जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक के आने की आस लगाकर इंतजार में बैठे थे जब पता चला की डीएम व एसपी किसी अन्य जरूरी कार्य में व्यस्त है उनकी जगह पर सीडीओ की अध्यक्षता में समाधान दिवस के अंतर्गत जन समस्याओं का समाधान किया जाएगा तो दूर दराज से आए हुए फरियादियों के चेहरे पर उदासी देखने को मिली। वही सीडीओ ने जन समस्याओं को सुनकर समाधान के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हुए फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये गये। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाया जाय। सीडीओ ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि गरीब, जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद भी की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 28 आवेदन पत्रों में से 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का अन्नप्रासन्न भी कराया गया। उल्लेखनीय है कि तहसील महसी में अपर जिलाधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त हुए 26 प्रार्थना-पत्रों में 02, पयागपुर में 37 में 04, तहसील सदर बहराइच में 09 में 03, कैसरगंज में 50 में 08 तथा नानपारा में 44 में 07 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर सीडीओ मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी मिहीपुरवा प्रकाश सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता तिवारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस की मुस्तैदी से बारावफात सकुशल सम्पन्न

## चप्पे- चप्पे पर पुलिस बल रहा मौजूद

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब की यौम-ए- पैदाइश पर शुक्रवार को परंपरागत बड़े ही धूमधाम से जुलूस निकाला गया। जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए भारी पुलिस व्यवस्था के इंतजाम किये गए थे। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के बाबाकुट्टी पर स्थिति हाजी मासूम अलीशाह की दरगाह पर बाबागंज, मकनपुर, बनकुरी, सलारपुर, सुजौली, बसभरिया, दुगार्पुर, साईंपुरवा, कुतुबूद्दीनपुर रुपईडीहा, करीम गांव सहित सैकड़ो गाँवो से गाजे बाजे व झंडे के साथ अक ीददमन्दों ने मासूम अली शाह के मजार पर पहुँचकर सलामी पेश कर मुल्क में अमन चैन की दुआएं मांगी ।फतेह आलम खान ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी जुलूसे मोहम्मदी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें काफी संख्या में लोगो ने शिरकत की। वही जुलूस को लेकर प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा रमेश सिंह रावत क्षेत्र में दलबल के साथ भ्रमणशील रहे। चौकी इंचार्ज बाबागंज दीपक सिंह ने बताया है कि पर्व से पहले क्षेत्र में पीस कमेटी की बैठके आयोजित कर आयोजको से साथ वार्ता कर कार्यक्रम से जुड़े सभी प्रबंध पूरे कर लिए गए थे ।जिसका परिणाम हम सभी के सामने है कि बारावफात पर्व में कही भी कोई विवाद कि स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। आयोजको द्वारा शांतिपूर्ण जुलूस सम्पन्न कराने से पुलिस का बराबर सहयोग किया। इस मौके पर चौकी इंचार्ज शिवपुर मोहर्निया अजय कुमार, एसआई शिवानन्द सिसौदिया व संजीव यादव, आरक्षी सुनील यादव, नरेंद्र गुप्ता सुबह से ही बाबाकुट्टी स्थित मजार के पास मौजूद रहे। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईद मिलादुन्नबी का जुलूस शांतिपूर्व सम्पन्न हुआ।

# रूपईडीहा में धूमधाम से मना गणेश उत्सव

## भक्तिमय माहौल में निकला विसर्जन जुलूस



अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौशर

रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा नगर में गणेश उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। पूरे क्षेत्र में गणपति बप्पा मोया के जयकारे गूंजते रहे और भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। शनिवार को गणेश विसर्जन के अवसर पर विशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस रूपईडीहा बाजार की गलियों से होते हुए भक्तिमय वातावरण में आगे बढ़ा और गायघाट की ओर रवाना हुआ। रास्ते भर श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की थाप और भक्ति गीतों पर झूमते, नाचते और गणपति बप्पा मो ?या के नारे लगाते रहे ।भक्तों की भीड़ में हर कोई बप्पा की एक झलक पाने को बेताब था। घर-घर से लोग बाहर निकलकर जुलूस में शामिल हुए और गणेश जी की आरती कर आशीर्वाद लिया। विसर्जन के दौरान वातावरण भक्ति और उमंग से सराबोर रहा। पूरे आयोजन को सकुशल संपन्न कराने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन और समिति के पदाधिकारी मुस्तैदी से तैनात रहे।

# सीरतुन्नबी जलसे मे मशहूर शायरों ने पेश किया नात-ओ-कलाम

## नूर ही नूर है जलवों में वह रानाई है, किसकी आमद है कि किसरा भी धराशाई है।

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। कस्बा रूपईडीहा स्थित जामा मस्जिद के सामने गुरुवार की रात बाद-नमाजे-इशा एक पुर-असर सीरतुन्नबी जलसे का एहतिमाम किया गया। जलसे में उलमा-ए-किराम और मशहूर शायरों ने नात-ओ-कलाम पेश कर महफि ल को रोशन कर दिया। आगाज कुरआने करीम की तिलावत से हुआ। इसके बाद गोण्डा से तशरीफ लाए शायर जमालुद्दीन ने नात-ए-रसूल सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम पेश की। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए कारी नौशाद साहब ने वह देखो जहाँ में नबी आ रहे हैं के सज्दे में काबा झुका जा रहा है पढ़कर समा बांध दिया। फैजाबाद से तशरीफ लाए जमील हशमती ने अपने खास अंदाज में नाते-मुस्तफा सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम पेश कर खूब दाद हासिल की। वहीं कानपुर से आए लोकप्रिय शायर सैफ रजा कानपुरी ने नात पेश कर ऐसी रूहानी कैफियत पैदा कर दी कि देर रात तक शायर की नात लोगों की जुबानों पर गुनगुनाई जाती रही। इस मौके पर श्रावस्ती से आए मौलाना शब्बीर हसन साहब ने सीरत-ए-नबी सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम बयान करते हुए समाजी पैगाम दिया। उन्होंने कहा कि दौर-ए-जहालत में जब मासूम बेटियों को ज़िन्दा दफ़्न कर दिया जाता था, उस गैर-इंसानी रिवाज को पैगम्बर-ए-इस्लाम सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम ने हमेशा के लिए खत्म कर दिया। मौलाना ने फरमाया कि आज जो बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्व का नारा दिया जा रहा है, दरअस्ल 1500 साल पहले ही नबी-ए-करीम सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम ने इंसानियत को ये पैगाम दे दिया था कि बेटियाँ रहमत भी हैं और जन्नत जाने का जरिया भी। जलसे की निजामत मौलाना जमाल अख़्तर सदफ ने निहायत खूबसूरत अंदाज में अंजाम दी। इस मौके पर सीरत कमेटी के सदारत-ओ-कुकुर्नान में सीरत कमेटी सदर खेशाल फारुकी, शमशाद अहमद, नौशाद हुसैन, मोहम्मद जुबेर फारुकी, मोहम्मद अकरम, जमालुद्दीन, एडवोकेट मोहम्मद अय्यूब, इस्लामुद्दीन, कारी अतीक हाफिज, अबु तल्हा सहित समेत बड़ी तादाद में ज़िम्मेदारान मौजूद रहे। कस्बे के हजारों अफराद की मौजूदगी में यह जलसा देर रात तक जारी रहा और आखिर में दुये-खैर के साथ मुकम्मल हुआ।

# रूपईडीहा पुलिस ने दहेज हत्या प्रकरण में वांछित तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध अपराध में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रूपईडीहा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने बताया कि मेरे नेतृत्व में उपनिरीक्षक जीतेश कुमार सिंह मय पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर शनिवार को थाना क्षेत्र के निंबिया तालाब, रूपईडीहा से मुकदमा डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की पहचान सलमान खान पुत्र मोहर्रम अली, मोहर्रम अली पुत्र अब्दुर्रहमान, वसीर खान पुत्र मोहर्रम अली निवासीगण नरैनापुर, दा० रामपुर हुसैनबक्श, थाना रूपईडीहा, जनपद बहराइच के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी कर अभियुक्तों को माननीय न्यायालय सदर, बहराइच के समक्ष पेश किया गया।

# कृषि वैज्ञानिकों ने एसएसबी जवानों को सिखाया मधुमक्खी पालन

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा द्वितीय द्वारा सशस्त्र सीमा बल के कर्मियों को उनके मुख्यालय नानपारा में दो दिवसीय मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण संपन्न कराया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सशस्त्र सीमा बल के मुख्य परिसर में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देना है ।प्रशिक्षण संयोजक एवं केंद्र के अध्यक्ष डॉक्टर संदीप कुमार द्वारा यह जानकारी दी गई कि मधुमक्खी एक सामाजिक कीट है इसकी कई प्रजातियां प्रकृति में पाई जाती है। प्रजातियों में मुख्य रूप से इटालियन मधुमक्खी का पालन किया जाता है इस मधुमक्खी से एक बॉक्स से वर्ष में कम से कम 40 किलोग्राम शहद का उत्पादन किया जा सकता है। मधुमक्खी पालन का व्यवसाय 20-25 हजार रुपए से शुरू करके बड़े पैमाने पर किया जा सकता है ।शहद के अलावा मधुमक्खियों द्वारा गोंद, मोम, पराग, मधुमक्खी विष एवं लाख रुपए प्रति किलोग्राम की दर से बिक्री होने वाली रॉयल जेली का उत्पादन करके अधिक से अधिक आय प्राप्त की जा सकती है। मधुमक्खियां पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत एवं संतुलित करने के साथ-साथ फसलों में परागण का कार्य करती है जिससे फसलों के उत्पादन में 25 से 30 फीसदी की वृद्धि हो जाती है तथा गुणवत्ता बढ़ जाती है। डॉ संदीप कुमार ने मधुमक्खियों के मौसमी प्रबंधन, पोषण प्रबंधन के साथ-साथ मधुमक्खियां में लगने वाले कीट एवं बीमारियों की रोकथाम की विस्तृत जानकारी प्रदान की ।प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान भी प्रदान करके विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान केंद्र के वैज्ञानिक उमेश कुमार वर्मा ने प्रकृति में पाए जाने वाले सभी प्रकार के फ्लोरा जैसे सरसों, करंज, यूकेलिप्टस, लीची, सहजन, नीम, सूरजमुखी इत्यादि की जानकारी दी जिससे मधुमक्खियां शहद का उत्पादन करती है ।प्रशिक्षण के प्रशिक्षण के दौरान सीमा सशस्त्र बल के कमांडर, डिप्टी कमांडर तथा अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन

## बभनियावाँ में नवनिर्मित पुलिस चौकी का हुआ उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह द्वारा थाना पयागपुर क्षेत्र अन्तर्गत बभनियावाँ में क्षेत्रीय संभ्रान्तजनों की उपस्थिति में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर जनसहयोग से नवनिर्मित पुलिस चौकी का बच्चे से फीता कटवाकर उद्घाटन किया गया। उदघाटन अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बताया गया कि नई पुलिस चौकी स्थानीय लोगों की सुरक्षा और सेवा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। चौकी के निर्माण से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था स्थापित होगी तथा आपातकाल की स्थिति में लोगों को नजदीकी पुलिस चौकी से सहायता मिल सकेगी। चौकी के निर्माण से अपराध की रोकथाम में भी पुलिस चौकी की भूमिका अहम होगी। डीएम ने कहा कि क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बेहतर होने से क्षेत्र का विकास भी बेहतर ढंग से हो सकेगा। कार्यक्रम को अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, उप जिलाधिकारी पयागपुर अश्वनी कुमार पाण्डेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी पयागपुर राज सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्रा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन चौकी प्रभारी शिवम कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी पयागपुर करूणाकर पाण्डेय, पुलिस बल के अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण, प्रधान मल्लावां श्रवण द्विवेदी, बीआरसी राजेश मिश्रा सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# यमुना का जलस्तर बढ़ने से टप्पल में बाढ़

## 6 गांवों में हजारों बीघा फसल डूबी, नाव से चारा ला रहे किसान

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , हथिनी कुंड बैराज से छोड़े गए पानी से यमुना नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जिला अलीगढ़ के तहसील खैर के टप्पल क्षेत्र के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। प्रशासन ने रेड अलर्ट जारी कर दिया है। महाराजगढ़, शेरपुर, घरबार, मालव, ऊटासनी और किशनगंज गांव सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। इन इलाकों में हजारों बीघा फसल जलमग्न हो गई है। किसानों को मवेशियों के लिए चारे की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन केवल औपचारिक निरीक्षण कर रहा है। वास्तविक मदद नहीं मिल रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें बीमार ग्रामीणों तक नहीं पहुंच रही हैं। यमुना के कटान से कई मकान जर्जर हो गए हैं। किसान और पशुपालक नाव से जंगल जाकर चारा ला रहे हैं। मवेशियों को ऊंचे इलाकों की ओर ले जाया जा रहा है। महाराजगढ़ की सोनवती के घर तक यमुना का पानी पहुंच गया है। भूप सिंह ने बताया कि अधिकारी सिर्फ निरीक्षण करते हैं, राहत नहीं देते। हथिनी कुंड से 3.50 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे जलस्तर और बढ़ने की आशंका है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि प्रशासन समय रहते कदम नहीं उठाता है तो स्थिति और बिगड़ सकती है। बाढ़ ने किसानों के सामने आजीविका का संकट खड़ा कर दिया है।

# रुपईडीहा बाजार में शानो शौकत के साथ निकाला गया मिलादुन्नबी का जुलूस

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा में परंपरागत रूप से मिलादुन्नबी का जुलूस रुपईडीहा जामा मस्जिद से निकल गया रुपईडीहा नगर के संभ्रांत नागरिकों को सीरत कमेटी की तरफ से साफा पोसी की गयी। जुलूस का आगाज जामा मस्जिद के शाही इमाम मौलाना कसीद ने तिलावत ए कुरान ए पाक से किया। जुलूस को आगे बढ़ाते हुए नातो मनकबत के साथ लोग निहायत अदबो एहतेराम के साथ लोग हाथो में इस्लामी झंडा लेकर जुलूस में चल रहे थे। रामलीला चौराहा से बजाज मार्केट जाते समय शबनम कोप्लेक्स के पास फूलों की वर्षा की गई लोगों को मिठाइयां बांटी गई। जुलूस बाजार का भ्रमण करते हुए चकिया रोड चौराहे पर आतिशबाजी का प्रोग्राम भी किया गया। इसी बीच कमेटी गुलामाने खैरुल बरा के लोगों द्वारा सीरत कमेटी के सभी मेंबरों को माला पहनाया एवं सफा पोसी की जगह-जगह पर लोगों ने मिठाइयां बांटी। इस अवसर पर सीरत कमेटी सदर खेसाल फारुकी पूर्व प्रधान मोहम्मद जुबेर फारुकी समाजसेवी मोहम्मद अकरम जमालुद्दीन इसरार चौधरी एडवोकेट मोहम्मद अयूब नौशाद हुसैन अबु तल्हा पत्रकार रजा इमाम रिजवी महबूब अहमद मोहम्मद कौशर डॉक्टर रोमन किदवई डॉक्टर आशिम किदवई फखरे आलम फारूकी मोहम्मद आरिफ इस्लामुद्दीन सहित हजारों की भीड़ जुलूस में रूपईडीहा पुलिस व एस एस बी जगह जगह मुस्तैद रही।

# महिलाओं के लिए 10 दिवसीय जागरूकता अभियान

## लैंगिक संवेदनशीलता पर विशेष कार्यक्रम, छात्राओं को दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, महिला कल्याण विभाग द्वारा संकल्प योजना के तहत 12 सितंबर 2025 तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में अमेठी के गौरीगंज ब्लॉक स्थित रूमा प्रशिक्षण संस्थान में लैंगिक संवेदनशीलता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। डीएमसी ऋषि ने नीतियों और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया। जेंडर स्पेशलिस्ट राकेश कुमार यादव ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और निराश्रित महिला पेंशन योजना की जानकारी दी। सेंटर मैनेजर गायत्री देवी ने वन स्टॉप सेंटर योजना के बारे में बताया। वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ शिखा पांडेय ने पीएमबीबीवाई योजना की विस्तृत जानकारी साझा की। कार्मिकों ने महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर जैसे महिला हेल्पलाइन (181), वूमेन पावर लाइन (1090), चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) और आपातकालीन सेवा (112) के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में दहेज प्रथा, बाल विवाह, बाल श्रम और लिंग भेदभाव जैसी सामाजिक कुरीतियों के दुष्परिणामों पर चर्चा की गई। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के साथ होने वाली हिंसा की रोकथाम और शिकायत प्रक्रिया भी समझाई गई। छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य, शिक्षक, हब इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के कर्मचारी और छात्राएं मौजूद रहीं।

## संक्षेप

### बिजली का तार टूटने से हुआ हादसा

**गाज़ियाबाद में युवक की ट्रक से टक्कर में मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम**

गाजियाबाद, कनावनी पुस्ता रोड पर गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां सड़क से गुजर रहे एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक युवक मजदूरी का काम करता था और किसी काम से पैदल जा रहा था। उसी दौरान अचानक 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर नीचे गिर पड़ा। युवक ने जैसे ही गिरे हुए तार को देखा तो बचने के लिए भागा और तभी सड़क से गुजर रहे एक ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर लगने के बाद युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। इस पूरे मामले पर एसएचओ रावेंद्र गौतम ने बताया कि एक अज्ञात युवक की ट्रक से टक्कर हो गई थी। घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हादसे के बाद स्थानीय लोग गुस्से में आ गए। उनका कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही से ये हादसा हुआ है। लोगों का आरोप है कि कनावनी और आसपास के इलाकों में लगी हाईटेंशन लाइन पर कई जगह कट लगे हुए हैं और तार काफी जर्जर हालत में हैं।

### दो समुदायों के बीच विवाद

**बाइक टकराने के बाद हुई मारपीट, एक घायल, मुकदमा दर्ज**

मेरठ, पूर्वा महावीर इलाके में बुधवार रात एक साधारण बाइक दुर्घटना ने दो समुदायों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न कर दी। घटना तब हुई जब दिनेश नाम का युवक होटल से खाना लेकर पैदल घर लौट रहा था। हसमुद्दीन के पुत्र सादमान की बाइक से टकराने के कारण दिनेश का खाना गिर गया। विरोध करने पर सादमान और उसके साथियों ने दिनेश के साथ कथित तौर पर मारपीट की, जिससे उसकी आंख में चोट आई। जैसे ही घटना की जानकारी फैली, दोनों समुदायों के लोग मौके पर पहुंच गए। मामला बिगड़ता देख पुलिस को सूचना दी गई। देहली गेट थाने की पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और घायल दिनेश को अस्पताल में भर्ती कराया।

### यमुना का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ग्रस्त इलाके में फंसे लोग

**ग्रेटर नोएडा पुलिस और एनडीआरएफ ने 35 लोगों को बचाया**

जेवर, ग्रेटर नोएडा में यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण बाढ़ग्रस्त इलाकों में फंसे 35 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर यह रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। थाना दनकौर और नॉलेज पार्क पुलिस ने एनडीआरएफ के साथ मिलकर गुरुवार को यह अभियान चलाया। सभी लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया। पुलिस विभाग ने अन्य विभागों के साथ समन्वय कर प्रभावित क्षेत्र के लोगों के जरूरी सामान और पशुधन को भी सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

# संचारी रोगों से बचाव हेतु सक्रिय हुआ स्वास्थ्य विभाग

## कैंप लगाकर गांव के आधा सैकड़ा से अधिक लोगों का किया गया उपचार

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। प्रदेश में चल रहे हैं संचारी लोगों से बचाव एवं रोकथाम की मुहिम को लेकर जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली के अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार के नेतृत्व में समूचे विकासखंड में एक बार फिर से घर-घर उपचार की मुहिम चलाई गई चिकित्सा अधीक्षक के निर्देशन पर स्वास्थ्य विभाग की टीम विकासखंड की भवानी सिंह का पुरवा मजरे ग्राम पंचायत पपरेंदा पहुंची गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर चिकित्सकों ने आधा सैकड़ा से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उपचार किया शिविर में पहुंचे लगभग 55 मरीजों का परीक्षण करते हुए निशुल्क दवा उपलब्ध कराई गई जांच के दौरान 5 मरीजों को मलेरिया टाइफाइड की जांच गई जो नकारात्मक पाई गई वहीं पांच मरीजों का डेंगू बुखार जांच के लिए ब्लड सैंपल लिया गया संचारी लोगों समेत सर्दी जुखाम बुखार पेट दर्द एलर्जी आदि के विषय में तथा उनके बचाव हेतु चिकित्सकों ने ग्रामीणों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए चिकित्सकों ने गांव में घूम कर नागरिकों को साफ सफाई के प्रति के तथा मच्छरों के प्रभाव से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करने की विस्तृत रूप से जानकारियां दें इस मौके पर स्वास्थ्य शिविर अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली के चिकित्सक डॉक्टर प्रदीप डॉक्टर आशीष फार्मासिस्ट गिरीश चंद्र उत्तम सीएचओ रूपरानी एएनएम शकुंतला आशा कार्यकत्री समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहें

# 20वीं शारदीय नवरात्र के महा महोत्सव के लिए मां दुर्गा पूजा समिति ने किया शंखनाद

## गांव के सरपंच से प्रारंभ हुआ पीत पत्रिका चावल आमंत्रण वितरण

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के अमौली विकास खंड में लगभग 20 वर्षों से चली आ रही परंपरा अनुसार मां दुर्गा पूजा कमेटी के तत्वावधानमें इस वर्ष भी महा महोत्सव का शंखनाद किया गया पूर्व दिवस में मां दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष रवि ओमर ने समिति के संरक्षक अवधेश कुमार तिवारी अरुण मिश्रा दयाशंकर त्रिवेदी बृजेंद्र तिवारी बी डी सिंह सुरेश उमराव सुरेश तिवारी तथा दिनेश चंद्र ओमर के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा पर बृहद चर्चा करते हुए निर्धारित कार्यक्रमों का निर्णय लिया वही कल शनिवार को समिति के महामंत्री उमेश त्रिवेदी वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश ओमर प्रचार प्रसार मंत्री आर्य कुमार पाण्डेय आदि की टीम ने पीत पत्रिका पीले चावल का प्रथम निमंत्रण गांव के सरपंच शिव कुमारी सोनकर को प्रदान की इसके उपरांत समस्त नगर में पीले चावल देकर आमंत्रण स्वीकृत कराने का कार्य समिति द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है समिति के महामंत्री उमेश कुमार त्रिवेदी ने प्रस्तावित कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तृत जानकारियां देते हुए बताया कि बंगाल के कुशल कारीगरों द्वारा हस्त निर्मित भव्य माता अष्टभुजी के मंदिर का निर्माण किया जाएगा वही प्रथम दिवस रथ यात्रा के दौरान विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा

# मंदिर में हुई चोरी चोरों ने दर्जनों घंटे किये पार

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बरमपुर में कुम्हारनपुर रोड पर स्थित मां काली जी के मंदिर से बीती रात शुक्रवार प्रात शनिवार को चोरों ने दर्जनों घंटे पार कर दिए मिली जानकारी के अनुसार प्रातः काल मंदिर पर प्रतिदिन पूजा करने जाने वाली गांव के छेद्दू प्रजापति की धर्मपत्नी ने जाकर देखा कि मंदिर के ताले टूटे बाहर पड़े हैं तथा अंदर का सामान बिखरा हुआ पड़ा है जिसे देखकर महिला ने शोर मचाया तथा मंदिर के सरवराकर को सूचना दी जमीन के मलिक के सुपुत्र हिमांशु प्रजापति मौके पर पहुंचे जिन्होंने 112 नंबर डायल कर पुलिस प्रशासन को



सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय अमौली चौकी इंचार्ज दिग्विजय सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया वही जानकारी लेने पर चौकी प्रभारी ने बताया की मंदिर से लगभग दर्जनों घंटे चोरी हुए हैं जिसमें कई संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है वही चौकी प्रभारी ने जल्द ही घटना के खुलासे का आश्वासन दियो

# दिनदहाड़े हत्या, सिर में 4 गोली मारी

## बाइक को टक्कर मारकर युवक को गिराया, 2 शूटर्स ने की वारदात

अमन लेखनी समाचार

बागपत, कार सवार बदमाशों ने एक युवक की बाइक में ठोकर मारी, फिर उसके सिर में चार गोलियां मारकर फरार हो गए। पुलिस को आशंका है कि सड़क पर दिनदहाड़े की गई इस हत्या की वजह पुरानी रंजिश हो सकती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार में सवार दो बदमाशों ने एक बाइकर युवक को टक्कर मारी। युवक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक के साथ वह सड़क पर गिर पड़ा। टक्कर मारने के बाद बदमाशों ने करीब 50 मीटर दूर आगे जाकर अपनी कार रोकी। कार से निकलकर बाइक तक आए। सड़क पर पड़े युवक के सिर से सटाकर ताबड़तोड़ 4 राउंड फायर कर दिए। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। गोली मारने के बाद कार सवार बदमाश फरार हो गए। पुलिस ने घटना स्थल के पास से एक सीसीटीवी फुटेज बरामद किया है।




वीडियो में टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त सैंट्रो कार दिख रही है। पुलिस ने युवक की शिनाख्त करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। गुरुवार को दोपहर करीब 2 बजे बदमाशों ने दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर किसाना गांव के पास वारदात को अंजाम दिया। बागपत शहर कोतवाली क्षेत्र के ही बागू गांव का निवासी अंकुश (25) गुरुवार को किसी काम से अपनी पैशन प्रो बाइक से बड़ौत से बागपत की ओर जा रहा था। गुरुवार दोपहर करीब 2:00 बजे दिल्ली-सहारनपुर हाइवे पर शहर कोतवाली क्षेत्र के किसाना गांव के पास पीछे से आई तेज रफ्तार सफेद रंग की सैंट्रो कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अंशुल बाइक समेत सड़क पर गिर गया। गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर, बाइक को ठोकर मारने के बाद बदमाशों ने अपनी कार करीब 50 मीटर आगे ले जाकर रोकी। कार से दोनों युवक उतरे। वे जमीन पर गिरे बाइक सवार अंशुल तक गए।

# किसान की आत्महत्या का मामला

## संग्रह अमीन और अनुसेवक ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, मुकदमा वापसी की मांग

अमन लेखनी समाचार




बागपत, सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के डोला गांव में एक किसान चंद्रबोस ने गांव के बाहर एक पेड़ पर आत्महत्या कर ली। पीड़ित परिवार का आरोप है कि वसूली के लिए लगातार प्रताड़ित किए जाने के कारण किसान ने यह कदम उठाया। परिवार की शिकायत पर संग्रह अनुसेवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ के सदस्य कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने डीएम को ज्ञापन सौंपकर मुकदमा वापस लेने की मांग की। अमीन संघ का कहना है कि बिना जांच के मुकदमा दर्ज कर लिया गया। उनका तर्क है कि वसूली उनका कार्य है और इसके लिए तकाजा करना पड़ता है। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। संघ का दावा है कि आत्महत्या के अन्य कारण हो सकते हैं। इसके अलावा गौना गांव में वसूली टीम के साथ मारपीट करने वालों की गिरफ्तारी की भी मांग की गई है। अमीन संघ ने चेतावनी दी है कि न्याय नहीं मिलने पर वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# महिला ने किया सुसाइड

**5 साल पहले हुई थी शादी, पति दुकान पर गया तो कमरा बंद करके फांसी लगाई**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, एक महिला ने सुसाइड कर लिया। घटना के समय महिला का पति दुकान पर गया था, जबकि माता-पिता ऊपरी मंजिल पर थे। उसने कमरे का दरवाजा बंद करके फांसी लगा ली। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाली क्षेत्र की सब्जी मंडी के पास एक विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका की पहचान प्राची पत्नी ईशान के रूप में हुई है। उसकी शादी 5 साल पहले हुई थी और उनका एक 3 साल का बेटा है। घटना सुबह की है, जब ईशान दुकान पर चला गया था। उसके माता-पिता मकान की ऊपरी मंजिल पर थे। प्राची नीचे अकेली थी। उसने कमरे का दरवाजा बंद किया



और फांसी लगा ली। ससुर के बुलाने पर जानकारी हुई ससुर ने प्राची को आवाज लगाई और कोई जवाब नहीं मिला, तो उन्होंने कमरे में झांककर देखा। प्राची फंदे पर लटकी मिली। स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और ईशान भी घर पहुंच गया। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक कलह को आत्महत्या का कारण माना जा रहा है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# यमुना पुश्ता रोड पर बनी झुग्गियों में भरा पानी

## नोएडा में 1.5 हजार फार्म हाउस डूबे, ट्रैक्टर से बाहर निकाले जा रहे सामान

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, यमुना का जलस्तर बढ़ने से नोएडा के डूब क्षेत्र में हालात बिगड़ गए हैं। यहां दो दिन से पानी भरने के बाद लोग पलायन करने को मजबूर हो गए हैं। सबसे ज्यादा असर सेक्टर-133, 134, 135, 150 और 168 इलाके में देखा जा रहा है। इन जगहों पर करीब 1,500 से ज्यादा फार्महाउस पानी में डूब गए हैं। प्रशासन ने पुश्ता एरिया को पूरी तरह खाली करा दिया है। नगली वाजिदपुर के बारातघर और दो अन्य जगहों पर राहत कैंप बनाए गए हैं। यहां सामुदायिक किचन चलाया जा रहा है ताकि प्रभावित लोगों को खाने की परेशानी न हो। पुश्ता रोड करीब 16 किलोमीटर लंबी है। सेक्टर-94 से 168 तक लोग झुग्गियां डालकर रहने लगे हैं। इनमें ज्यादातर वही लोग हैं, जो



फार्महाउस, नर्सरी और खेतों में मजदूरी करते थे। प्रशासन के अलर्ट के बाद ये लोग अपना सामान लेकर बाहर आ गए और अस्थायी झुग्गियों में शरण ले ली। लोग खुद ही खाना बनाकर बच्चों का पालन-पोषण कर रहे हैं। हालांकि अब भी कई परिवार ऐसे हैं जिन तक प्रशासन की मदद नहीं पहुंची है। सबसे ज्यादा दिक्कत शौचालय और डॉक्टर की कमी को लेकर है।

लोग कह रहे हैं कि अगर जल्द इंतजाम न हुआ तो बीमारी फैलने का खतरा बढ़ सकता है। बाढ़ से प्रभावित इलाकों में बच्चे, बुजुर्ग और नौजवान सभी परेशान हैं। जो लोग सुरक्षित बाहर आ चुके हैं, वे अब अंदर फंसे लोगों का सामान निकालने में मदद कर रहे हैं। यमुना पुश्ता से करीब 100 मीटर अंदर तक पानी घुस चुका है। यह तब हुआ जब हरियाणा के हथनी कुंड बैराज से करीब 3 लाख 25 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, शाम करीब चार बजे पानी पहुंचा था। इसके बाद से जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और तक यह पुश्ते के करीब पहुंच गया।

पानी भरने से खेतों की खड़ी फसलें और नर्सरी में रखे पौधे पूरी तरह नष्ट हो गए। लोग जरूरी सामान तो बाहर निकाल लाए लेकिन खेत और फसलें पानी में बह गईं। कई जगहों पर 5 से 10 फीट तक पानी भरा हुआ है। लोग अब भी ट्रैक्टर की मदद से अंदर जा रहे हैं और बचा हुआ सामान निकालकर बाहर ला रहे हैं। हालांकि हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं और लोगों के सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने की चुनौती खड़ी हो गई है। हथनीकुंड बैराज से छोड़ा गया पानी मंगलवार रात में भी यमुना में पहुंच रहा है।

# बारिश से जर्जर मकान ढहा

**शाहपीर गेट में मकान गिरा, परिवार समय रहते बाहर निकला, कोई हताहत नहीं**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, लगातार बारिश के कारण एक और मकान गिरने की घटना सामने आई है। थाना कोतवाली क्षेत्र के शाहपीर गेट में स्थित अरशद के पुराने मकान का ढांचा अचानक भरभराकर गिर गया। सौभाग्य से मकान गिरने से पहले ही परिवार के सभी सदस्य बाहर निकल गए थे। घटना के समय सड़क पर मौजूद लोग भी बाल-बाल बच गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मलबा हटाने का काम शुरू किया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मकान से टच हुई विद्युत की हाई वोल्टेज लाइन को स्थानीय लोगों और विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने हटा दिया है। आसपास के मकानों में दरारें पड़ने की आशंका जताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि मेरठ में पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण दो दिन पहले पुलिस लाइन में भी एक मकान गिरा था। उस हादसे में कई लोग घायल हुए थे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि लगातार बारिश से जर्जर मकान और कमजोर हो गए हैं। शाहपीर गेट इलाके में लोगों में दहशत का माहौल है।

# कोर्ट कर्मचारी पर हमला करने वाले के खिलाफ केस दर्ज

**तेजाब फेंकने का प्रयास किया था**

अमन लेखनी समाचार

जेवर, रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने ही गांव के 4 लोगों पर रंजिश के चलते हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि शिकायत के बाद पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। जिसके चलते पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ शाम को केस दर्ज कराया है। रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के भीकनपुर गांव निवासी सूरज ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि 29 मई वह अपने घर से सूरजपुर कोर्ट के लिए बाइक से जा रहे थे। उनका कहना है कि वह कोर्ट में दुकान करते हैं। उनका कहना कि गांव के रहने वाले चार लोगों ने रंजिश के चलते उनको




दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर जबरदस्ती रोक लिया। पीड़ित का कहना है आरोपी कार में सवार होकर आए थे। इस दौरान आरोपियों उन पर जानलेवा हमला कर दिया। साथ ही जान से मारने की नीयत से तेजाब भी छिड़कने का प्रयास किया गया। लेकिन तेजाब के हमले से पीड़ित बच गए। पीड़ित का कहना है कि घटना के वक्त पुलिस द्वारा शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। जिसके चलते उन्होंने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने उनके ही गांव के रहने वाले चरन सिंह, सतपाल, सचिन और नितिन समेत चार आरोपियों के खिलाफ गुरुवार को केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार का जेल भेजा जाएगा।

# गोली लगने से घायल युवक की मौत

**बर्थडे पार्टी में खुद को गोली मारी, गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप के बाद परेशान था**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, नोएडा सेक्टर-134 स्थित जेपी कॉसमॉस सोसाइटी में देर रात दोस्त की जन्मदिन पार्टी में गोली लगने से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। चार दिनों से उसका शहर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। युवक का ही गृह जनपद बुलंदशहर में अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस का कहना है कि बुलंदशहर के खानपुर का रहने वाला विक्रम ठाकुर (25) जेपी कॉसमॉस सोसाइटी में किराये पर फ्लैट लेकर दो दोस्तों के साथ रहता था। विक्रम के दोस्त आदर्श की जन्मदिन पार्टी थी। इसमें आठ से दस युवक शामिल हुए। कुछ सोसाइटी के रहने वाले थे, जबकि कुछ बाहरी थे। पार्टी रात दो बजे तक चलती रही। इसी दौरान विक्रम अपने कमरे में गया। कुछ ही मिनट बाद कमरे से गोली चलने की आवाज आई। गोली उसके सिर में लगी थी। उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। चार दिनों से विक्रम का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस संबंध में मृतक के भाई ने एक्सप्रेसवे थाने में अज्ञात के खिलाफ केस भी दर्ज करा दिया है। चोला में रहने वाले भाई रोहित ठाकुर ने



पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते माह 30 अगस्त को आशु नाम के युवक ने कॉल कर विक्रम ने खुद के सिर में गोली मारने की जानकारी दी थी। रोहित का कहना है कि उसके भाई को किसी अन्य ने गोली मारी है। विक्रम इतना कमजोर नहीं था कि आत्महत्या करे। एसीपी ट्विंकल जैन ने बताया कि पार्टी में शामिल युवकों से भी पूछताछ की गई। इनमें से ज्यादातर ने बताया कि विक्रम का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुछ दिन पहले उसका युवती से ब्रेकअप हो गया। इसके बाद से वह परेशान चल रहा था। हालांकि विक्रम के परिवार के किसी व्यक्ति ने इसकी पुष्टि नहीं की है। पूरे मामले को जानने के लिए पुलिस घायल विक्रम के ठीक होने का इंतजार कर रही थी। बीते कई दिनों से युवक के परिजन उसके साथ ही अस्पताल में थे। विक्रम के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है।

## संक्षेप

### पुलिस की मौजूदगी में हुआ डीएपी का वितरण

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के क्रय विक्रय सहकारी समिति एवं पीसीएस में किसान सेवा केंद्र में शनिवार को डीएपी खाद आते ही किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। केंद्र प्रभारियों को पुलिस बुलाकर खाद का वितरण करना पड़ा। कई दिनों के बाद शनिवार को कस्बे के क्रय विक्रय सहकारी समिति एवं पीएससी किसान सेवा केंद्र में एक-एक ट्रक डीएपी खाद वितरण के लिए उपलब्ध हुई। खाद आने की भनक लगते ही किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। लंबी लाइन देखकर एवं किसानों के हो हल्ला के मद्देनजर केंद्र प्रभारियों ने पुलिस को बुलाकर खाद का वितरण शुरू किया। शाम तक दोनों जगह पर डीएपी खाद खत्म हो गई थी। पीसीएफ किसान सेवा केंद्र के प्रभारी शिव सिंह ने बताया कि एक ट्रक डीएपी वितरण के लिए आई थी। पुलिस की मौजूदगी में लाइन लगवाकर शासन की गाइडलाइन की मुताबिक वितरण किया गया। इसी तरह क्रय विक्रय सहकारी समिति के शुभम तिवारी ने बताया कि सुबह से शाम तक वितरण पुलिस की मौजूदगी में हुआ। अब खाद खत्म हो गई है।

### आकासीय बिजली गिरने से मंदिर की गुम्मत गिरी

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। थाना क्षेत्र के झलोखर गांव के कुसमरा मौजे में खेत में स्थित हनुमान मंदिर के शिखर में बीती शाम आकाशीय बिजली गिर जाने से मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया है। क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी सुधाकर शिवहरे ने बताया कि मेरे खेत व निजी नलकूप कुसमरा मौजे में है। नलकूप के पास ही हनुमान जी का मंदिर बना हुआ है।शुक्रवार को शाम सात बजे आसमान में तेज बिजली चमक रही थी। तथा मंदिर के शिखर में तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे मंदिर का शिखर क्षतिग्रस्त हो गया है।इसी तरह क्षेत्र के उमराहट गांव में मुन्ना सिंह के घर के समीप पीपल के पेड़ में भी आकाशीय बिजली गिरी थी। जिससे इसके मकान में दरार आ गई है। तथा विद्युत उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए।

### हाई टैशन लाइन की चपेट में आने से बुरी तरह से झुलसा

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से एक ग्रामीण युवक बुरी तरह झुलस गया गंभीर हालत में जीवन मौत से जुड़ते हुए कानपुर में इलाज चल रहा है। बताते चलें कि विकासखंड के नरयाइच गांव निवासी शब्बीर खान जो कई वर्षों से मुटनी गांव में अपनी ससुराल में रहकर खेती-बाड़ी का काम कर रहा था बारह वफात में घर में रोशनी झालर लगाने के लिए वह अपने घर की छत में चढ़कर झालरे लगा रहा था तभी छत के ऊपर से गुजरी हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया और यह देख परिजनों ने के हाथ पैर फूल गए और वह आनंन-फानन में किसी तरह ग्रामीणों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में लेकर गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत चिंता जनक होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया इस संबंध में ग्रामीण दीपक वर्मा ने बताया कि पीड़ित की हालत में सुधार नहीं हो रहा है उसका इलाज कानपुर के निजी अस्पताल में जारी है और वह जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है

### सरकार द्वारा मजदूरो को पट्टा देने के मकसद से ग्राम पंचायत अरतरा में 15दिसमवर को खुली बैठक होगी

अमन लेखनी समाचार

मौदहा हमीरपुर - मजदूरों को सरकार पट्टा देने के मकसद से ग्राम पंचायत अरतरा में आगामी पन्द्रह सितंबर को खुली बैठक आयोजन किया जाना है जिसमें पात्र व्यक्तियों को कृषि भूमि के लिए पट्टे लॉटरी डालकर दिए जाने के लिए कृषि भूमि समिति ने विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दिया है। भू प्रबंध समिति के अध्यक्ष माहेश्वरी दिन ने बताया सरकार की मंशा के अनुरूप पन्द्रह सितंबर को बैठक का आयोजन कर पात्र व्यक्तियों को कृषि योग्य भूमि के पट्टे आवंटित किए जाएंगे।

# डॉ. संदीप के मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से निकला गया 12वीं शरीफ का जुलूस, सांप्रदायिक सौहार्द का दिया संदेश

अमन लेखनी समाचार

झाँसी। बारावफात इस्लामी इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण त्यौहार है, क्योंकि इसी दिन हजरत मोहम्मद का जन्म हुआ था। इस अवसर पर नबी-ए-करीम की सीरत (जीवन-चरित्र) को याद किया जाता है साथ ही उनकी दया, सहिष्णुता, ईमानदारी और न्यायप्रियता को अपनाने का संकल्प लेते हैं। बारा वफात हमें यह संदेश देता है कि हम अपने जीवन में इंसानियत, भाईचारा, सत्य और करुणा के मूल्यों को स्थापित करें और समाज में शांति फैलायें। इस अवसर पर कई स्थानों पर जुलूस का आयोजन किया जाता है जलसे में बाढ़ पंजाब पीड़ितों के लिए सभी लोगों ने दुआएं मांगी गईं।तथा उलमाओं ने हजरत मोहम्मद साहब के जीवन पर प्रकाश डाला नबी के बताए रास्ते पर चलने का आवाहन



किया गया तथा विभिन्न कमेटियों द्वारा सामूहिक रूप से 12वीं शरीफ ईद मिलादुन्नबी जलसा का आयोजन किया गया जो इलाहाबादी मोहल्ला से शुरू होकर हाट के मैदान होते हुए पानी की टंकी महाराज सिंह मोहल्ले में जाकर समाप्त हुआ। इस जलसे में मुख्य अतिथि के रूप में संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ० संदीप सरावगी को आमंत्रित किया गया मुख्य अतिथि के आगमन पर मोहम्मद हाजी शफीक, मोहम्मद आजाद, मोहम्मद रियाज खान द्वारा माल्यार्पण कर उनका स्वागत तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस जलसे में सभी का उत्साह देखते बन रहा था जगह-जगह जलपान की व्यवस्था भी की गई डीजे की धुन पर सभी थिरकते नजर आए जलसे में तिरंगा फायर गन का भी विशेष आकर्षण के रूप में प्रयोग किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में इम्तियाज हुसैन, अनीश अहमद, मुमताज, आजाद, हामिद, बंटी, इब्राहिम, लकी, इकरामउल, आशीष, वसीम, अंसार अली, जमील, शाकिर, वाजिद, अंसार, जावेद, सलीम, अनीश, शाहरुख, सोहिल, जीशान, अरमान, पुन्नू, इसूब, नाजिम, इसरार खान, रामदेव बाबा, हसन, गफू संघर्ष सेवा समिति से अनुज प्रताप सिंह, संदीप नामदेव ,महेंद्र रैकवार, राकेश अहिरवार, बसंत गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# तहसील समाधान दिवस में फरियादियों ने दर्ज कराई अट्ठावन शिकायतें

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। तहसील स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में अट्ठावन शिकायतें फरियादियों ने दर्ज कराई जिसमें तुरंत कार्रवाई करते हुए छह शिकायतों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे के तहसील सभागार में तहसीलदार शिखर मिश्रा की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें लगातार अवकाश होने व कंस मेला के बीच संपूर्ण समाधान दिवस में सुबह 10:00 बजे से सन्नाटा पसरा रहा लेकिन धीरे-धीरे फरियादियों को समाधान दिवस कि जानकारी हुई तो उन्होंने तहसील सभागार में पहुंचकर अपनी-अपनी शिकायतें दर्ज कराई जिसमें अट्ठावन शिकायतें आई तहसीलदार ने सक्रियता दिखाते हुए 6 शिकायतों का



मौके पर ही निस्तारण कर दिया खास बात यह रही की कस्बे व क्षेत्र में खेतों को प्लाटिंग कर बेचे जा रहे भू माफियाओं की चर्चा तहसील में दिखाई दी जिसमें शिकायतकर्ता सैफुद्दीन पुत्र कमालुद्दीन नगर निवासी ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि कस्बे के खंड विकास कार्यालय के पीछे सम्मिलित खाते में 20 बीघा जमीन है जिसमें उसके भाइयों व परिवारी जनों ने बांदा के किसी रियल एस्टेट से संबंधित व्यक्ति को एग्रीमेंट कर दिया है। जबकि उस जमीन पर बिक्री न हो उसके लिए न्यायालय से स्टे ले चुका है लेकिन भू माफियाओं के हौसले बुलंद होने के कारण उक्त भूमि लाखो रुपए में बेची जा रही है जिससे आहत होकर उसने तहसील समाधान दिवस पर न्याय की गुहार लगाई है।

# गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ



अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। गणेश चतुर्थी के दस दिन से लगातार नगर में गणपति बप्पा मोरिया के गगन भेदी नारों के साथ गूंजता रहा शनिवार को दसवें दिन अनंत चतुर्दशी पर भीगी नम आंखों से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन बैंड बाजे के साथ गुलाल उड़ाते हुए पुरुषो, महिलाओं, बच्चों ने विदाई दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गणपति बप्पा मोरिया के गूंजायमांन नारों के साथ नगर के थाना चौराहा कमेटी की प्रतिमा, अरतरा चौराहा गणेश प्रतिमा एवं काशीराम कॉलोनी मराठीपुरा की प्रतिमाएं शनिवार को अनंत चतुर्दशी के दिन अभी गुलाल उड़ाते हुए महिला पुरुषों ने पढोरी चौकी के चंद्रावल नदी में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। कमेटी के अध्यक्ष बीनू गुप्ता राज नारायण गुप्ता ने बताया कि 10 दिन चले गणपति महोत्सव के बाद वैदिक विधि विधान से हवन पूजन कर गणपति बप्पा को विसर्जित किया जिसमें सभी नगर वासी श्रद्धा भाव से डीजे के धुन में नाचते गाते हुए विदा किया।

# जलविहार के लिए निकला राम राजा सरकार का विमान, घर घर उतारी गई आरती

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। ग्राम कचीर में पांचवां जलविहार महोत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। दोपहर 2:00 बजे श्री राम राजा सरकार सिद्धपीठ हनुमान जी महाराज मंदिर में पुजारी दिनेश तिवारी जी द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना के उपरांत भगवान श्रीराम राजा सरकार का विमान ग्राम भ्रमण के लिए निकला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपना दल एस के जिलाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह पटेल (दीपू सुट्टा) मौजूद रहे। गाजे बाजे एवं ढोल नगाड़ों के साथ विमान में सवार भगवान श्री राम राजा सरकार की शोभायात्रा ने संपूर्ण ग्राम का भ्रमण किया। ग्राम भ्रमण के दौरान द्वार - द्वार पर महिलाओं ने मंगल कलश सजाकर भगवान की आरती उतारी। इस दौरान गरौठा विधायक पुत्र राहुल राजपूत सहित बड़ी संख्या में भक्तगण आरती में सम्मिलित हुए। मंदिर कमेटी द्वारा सभी अतिथियों का फूल माला डालकर स्वागत किया गया। मंदिर प्रांगण में आयोजित









विशाल भंडारे में सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। वही रात्रि में भजन संध्या का शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया।क्षेत्र पंचायत सदस्य हेमन्त यादव द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया गया। प्रातःकाल पवित्र धसान नदी मे जलविहार एवं आरती के उपरांत भगवान जी की मूर्तियों को पुनः मंदिर में विराजमान कर दिया गया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से पुजारी दिनेश तिवारी,महंत बाबू गौतम सहित स्वतंत्र रिछारिया, जानकी प्रसाद सेन,पवन पटेल कुंदन शर्मा,आयुष चौरसिया,अजय चौरसिया हर्षित पटेल, वीरेंद्र सिंह यादव (वीरू) ,अशोक सेन सहित श्रीराम राजा सरकार कमेटी के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# प्रधान संगठन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की



अमन लेखनी समाचार

झांसी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि फरीदा भगत सिंह यादव ने प्रधान संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया जिसमें बताया गया कि वह पंचायत भवन में पंचायत से संबंधित अभिलेख कार्य कर रहे थे तभी गांव के कुछ लोग वहां पहुंचे और हमसे अभद्रता करने लगे एवं मेरे हाथ से पंचायत के कागज व डोंगल खींचने लगे। मेरे द्वारा विरोध करने पर वो लोग मेरे साथ मारपीट करते हुए गाली गलौज करने लगे उक्त प्रकरण को लेकर गुरसराय थाने में मैंने शिकायत की लेकिन मेरी नहीं सुनी गई। बल्कि विरोधियों की शिकायत पर मेरे ऊपर झूठा मुकदमा लिख दिया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव टांडा, बामोर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक अहिरवार, जिला उपाध्यक्ष अनुज द्विवेदी ,श्याम सिंह प्रधान प्रतिनिधि, विजय सिंह यादव प्रधान गोहना, रमेश राजपूत प्रधान ,राजू नायक प्रधान, मनु यादव प्रधान सहित आदि ग्राम प्रधान व संगठन की पदाधिकारी मौजूद रहे।

### गाजे बाजे के साथ तपोभूमि तालाब में हुआ रंगबाज महाराज का विसर्जन

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के अलग-अलग तीन स्थानों पर स्थापित हुई गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन गाजे बाजे के साथ तपोभूमि के तालाब में किया गया। नगर पंचायत कार्यालय के समीप स्थापित रंगबाज महाराज की मूर्ति के नेतृत्व में सभी मूर्तियों ने कस्बे में भ्रमण किया। इसके उपरांत तपोभूमि पहुंचकर विसर्जन किया गया। कस्बे में गणेश प्रतिमा की स्थापना की शुरूआत नगर पंचायत कार्यालय के समीप रंगबाज महाराज के रूप में सर्वप्रथम हुई थी। इसके बाद रामलीला मैदान एवं धर्मेश्वर बाबा, नई बस्ती आदि में मूर्तियां स्थापना शुरू हुई। शनिवार को रंगबाज महाराज की प्रतिमा के नेतृत्व में सभी प्रतिमाओं ने गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण किया और हाईवे से गुजरकर गायत्री तपोभूमि प्रांगण पहुंची। यहां पर बने तालाब में क्रमशः सभी का विसर्जन किया गया। सुरक्षा का जिम्मा थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने संभाल रखा था।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मेला स्थल का निरीक्षण किया

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। कस्बे के ऐतिहासिक कंस मेले को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना और पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने कंस मेला आयोजन के दृष्टिगत मेला स्थल की तैयारियों व व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मेला को सकुशल रूप से शांतिपूर्वक संपन्न कराएं। इस अवसर पर पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर स्थानीय लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।मेला कमेटी के सदस्यों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।मेले में शांति बनाए रखने की डीएम और एसपी ने लोगों से अपील की।इस दौरान कस्बे के रहमानिया ग्राउंड में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में बलवा/दंगा नियंत्रण व भीड़ प्रबंधन आदि का मॉक ड्रिल/अभ्यास कराया गया।इस अवसर पर कंस मेला



तैयारियों के संबन्ध में समीक्षा कर अंर्तजनपदीय व वाह्य जनपद से आने वाले समस्त पुलिस बल के साथ ब्रीफिंग की भी कराई गई मेला के दौरान भीड़ प्रबंधन और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक से तैयारियों के सम्बन्ध में बिन्दुवार चर्चा की गई, जिसमें बताया गया कि पुलिस बल को मेले के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया गया है, जिसमें भीड़भाड़ वाले स्थान व मेला मैदान आदि शामिल हैं।मेला के दौरान यातायात सुचारू रखने के लिए विशेष यातायात व्यवस्था की गई है। इसमें पार्किंग की व्यवस्था और पैदल यात्रियों के लिए अलग मार्ग शामिल हैं।भारी वाहनों का प्रवेश मेला क्षेत्र के निकट प्रतिबंधित किया गया है और लोगों को वैकल्पिक मार्गों से गुजरने के निर्देश दिए गए हैं यह भी अवगत कराया गया कि मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है ताकि सुरक्षा पर निगरानी रखी जा सके और किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके।मेले के दौरान किसी भी स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति के लिए एंबुलेंस और मेडिकल टीमें तैनात रहेंगी।किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाही के लिए क्यूआरटी की तैनाती भी की गई है, जो विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में चौकसी बरत रही है।भीड़भाड़ और धार्मिक स्थलों के पास सुरक्षा को और पुख्ता किया गया है ताकि किसी भी तरह की अवांछित गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।ब्रीफिंग का मुख्य उद्देश्य मेला के दौरान भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, और शांति व्यवस्था को सुनिश्चित करना है।ड्यूटी पर लगे समस्त पुलिस बल को सतर्कता व पूर्ण मनोयोग से ड्यूटी करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता उप जिलाधिकारी मौदहा करनवीर सिंह क्षेत्राधिकारी विनीता पहल कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# डिमांड पूर्ण नहीं होने पर दरोगा ने मारा थप्पड, कान का पर्दा फटा

### एसपी ने सीओ सदर को सौंपी जांच

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। जमीन विवाद सुलझाने में दरोगा की डिमांड पूर्ण नहीं करने पर दरोगा ने पीड़ित के नाबालिग पुत्र के कान में जोरदार थप्पड़ मारकर कान का पर्दा फाड़ दिया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत की है। पुलिस अधीक्षक ने प्रकरण की जांच सीओ सदर को सौंपकर रिपोर्ट तलब की है। थानाक्षेत्र के धरमपुर निवासी सुशील कुमार ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसका पिता के साथ जमीनी बंटवारे को लेकर विवाद है। गत 1 सितंबर को पिता द्वारका प्रसाद ने झूठी शिकायत थाने में की थी। शिकायत के बाद उसे थाने बुलाया गया और समझौते के नाम पर उसके पुत्र नैतिक से महिला दरोगा प्रियंका सिंह, आरक्षी शैलेंद्र सिंह ने रुपए की मांग की। मेरे पुत्र के मना करने पर दोनों उसे रसोईघर की ओर ले गए और जमकर मारा पीटा। जिससे उसके पुत्र का कान का पर्दा फट गया है साथ ही मेरा शांति भंग में चालान कर दिया। जमानत के बाद घर आने पर पुत्र ने घटना से अवगत कराया। सदर अस्पताल में जांच के बाद कान का पर्दा फटने की पुष्टि हुई है। पीड़ित ने साक्ष्य के तौर पर मेडिकल रिपोर्ट भी पेश की है। पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच सीओ सदर राजेश कमल को सौंपी है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने मामले को झूठा बताया है।

# शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये सुनिश्चित-जिलाधिकारी

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में ह्यह्यसम्पूर्ण समाधान दिवसह्यह्य का आयोजन सितम्बर, 2025 महीने के पहले शनिवार को किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने तहसील दिवस में आये शिकायतकताओं की शिकायतों को सरल भाव से सुनते हुए उनके प्रकरणों का निस्तारण कराया गया। जो शिकायत मौके पर जाकर निस्तारण करने योग्य थी, ऐसे प्रकरणों में टीम गठित कर, क्षेत्र में टीम भेजकर शिकायतकताओं के शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कराया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने उपस्थित अधिकारयों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण करते हुए शिकायतकर्ता का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। प्रकरणों का समाधान सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के मौके पर विभागीय कार्मिकों की टीम द्वारा किया जायेगा और जो मामले एक या दो दिन के अन्दर निस्तारित नहीं होंगे, उनका निस्तारण उच्च स्तरीय अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर निस्तारित किया जायेगा। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने जमीन सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि विवादित जमीन वाले स्थल पर जाकर संयुक्त रूप से जॉच किया जाये, इसके पश्चात न्यायोचित कार्यवाही करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर आयुष्मान कार्ड बनाने, विधवा पेंशन, निराश्रित पेंशन, दिव्यांग सर्टिफिकेट, श्रम विभाग, होमियोपैथिक, व आयुर्वेद दवा आदि के लगाये गये कैम्प का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्बन्धित विभाग अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित योजना जैसे आयुष्मान कार्ड बनाने, विधवा पेंशन, निराश्रित पेंशन, दिव्यांग सर्टिफिकेट आदि बनाने का कैम्प सम्बन्धित सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर लगाया जायेगा

# हाईकोर्ट में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये हड़पे

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। राजधानी में नौकरी के नाम पर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है। बिजनौर थाना क्षेत्र के कोऑपरेटिव सोसाइटी प्रीत विहार कॉलोनी में रहने वाले ज्ञानेन्द्र कुमार अग्निहोत्री ने आरोप लगाया है कि प्रयागराज जिले के फूलपुर स्थित बिबीपुर निवासी उनके दोस्त राघवेन्द्र सिंह उर्फ नितिन सिंह ने उन्हें हाईकोर्ट में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये हड़प लिए। पीड़ित ज्ञानेन्द्र ने डीसीपी दक्षिणी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि नितिन ने कहा था कि हाईकोर्ट में नौकरी निकल रही है और 10 लाख रुपये देने पर नियुक्ति पक्की हो जाएगी। इस पर पीड़ित ने अपने भाई उपेन्द्र अग्निहोत्री के दस्तावेज व एक लाख रुपये नकद दिए। बाद में किश्तों में लगभग 8.45 लाख रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर किए। तब नितिन ने पीड़ित को फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भी दिया और प्रयागराज हाईकोर्ट बुलाकर कहा कि हड़ताल के कारण ज्वाइनिंग नहीं हो पा रही है। कुछ समय बाद उसने भर्ती रद्द होने की बात कहकर पैसा लौटाने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में उसका मोबाइल बंद हो गया। जब पीड़ित इलाहाबाद स्थित उसके घर पहुंचे तो पता चला कि नितिन फजीर्वाड़े के मामले में जेल भेजा जा चुका है। पीड़ित का कहना है कि आज तक उसकी रकम वापस नहीं मिली है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी दक्षिणी के आदेश पर बिजनौर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## बागी 4 में विलेन बनकर छा गए संजय

मुंबई। शुक्रवार को सिनेमाघरों में टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म 'बागी 4' रिलीज हुई। इस फिल्म में संजय दत्त खूंखार विलेन के रोल में नजर आए। सोशल मीडिया पर फिल्म देखने के बाद यूजर्स ने रिएक्शन देना शुरू कर दिया है। फिल्म में टाइगर श्रॉफ मोहब्बत में हर हद पार करते हुए नजर आए। वहीं, विलेन के रोल में संजय दत्त छा गए। एक एक्स (ट्विटर) यूजर ने फिल्म देखने के बाद संजय दत्त की एक्टिंग की तारीफ की। यूजर ने लिखा, 'संजय दत्त एक जादू है, वह सिर्फ खलनायक का किरदार नहीं निभाते हैं, आपको उसके गुस्से, दर्द का अहसास भी कराते हैं। बागी 4 में संजय दत्त की फिल्म वास्तव की क्रूरता, भावनात्मकता की झलक भी मिलती है। टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म 'बागी 4' में संजय दत्त को सेंटर ऑफ अट्रैक्शन हैं। कई चर्चित कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं, इसमें हरनाज कौर संधू, सोनम बाजवा, श्रेयस तलपड़े और सौरभ सचदेवा अहम किरदारों में दिखाई दिए।

लाइफ Style


## अनन्या

### मोतियों से जड़ी ड्रेस में दिखीं खूबसूरत


अनन्या पांडे ने सोशल मीडिया हैंडल पर अपना एक शानदार वीडियो शेयर किया है। अनन्या के यह लेटेस्ट लुक का मजाक उनके पिता चंकी पांडे ने अपनी राय पेश की है। अनन्या इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच अनन्या ने अपना एक स्टाइलिश लुक में वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनन्या का यह लुक उनके पिता चंकी पांडे को कैसा लगा, इस बात का खुलासा अनन्या ने खुद किया है। अनन्या पांडे ने आज इंस्टाग्राम पर अपना खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अनन्या पहले मेकअप करती नजर आ रही हैं। बाद में अनन्या मोतियों से जड़ी ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। इस शानदार वीडियो के साथ अनन्या ने कैप्शन में लिखा, 'मेरे पिता जी (चंकी पांडे) यह नहीं कह रहे हैं कि मेरा ग्लैमर किसी कॉमेडी शो जैसा लग रहा है। यह वीडियो आपके लिए है।' सिंगर कनिका कपूर और अनन्या की मां भावना पांडे ने लाल दिल वाले स्माइली इमोजी बनाए हैं। निर्देशक प्रियंका कपाड़िया ने लिखा, हाहाहा, क्या हमें अपनी बातें बतानी चाहिए। एक फैन ने लिखा, मुझे बहुत पसंद आया, एक और फैन ने लिखा, नया हेयर स्टाइल अपना रही हैं अनन्या, क्या आपको ये हेयर स्टाइल पसंद है? एक फैन ने लिखा, बहुत पसंद आया। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन समीर विदवान कर रहे हैं। इसका निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस और नमः पिक्चर्स ने किया है। यह फिल्म अगले वैलेंटाइन पर सिनेमाघरों में 13 फरवरी 2026 को रिलीज होगी।



हॉलीवुड मसाला



## 55 फिल्मों, 10 टीवी शोज में कर चुके हैं काम

लॉस एंजिल्स। डेनजेल वाशिंगटन उन सितारों में शुमार हैं, जिन्हें इंडस्ट्री में सबसे अधिक सम्मान मिलता है। अपने 6 दशक लंबे करियर में उन्होंने खुद को एक ऐसे अभिनेता के रूप में स्थापित किया है, जिसने दो ऑस्कर जीते हैं। कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है। यह उनके कॅरियर की 55वीं फिल्म है। इसके अलावा वह लाइसेंस टू किल से ग्रेज एनाटॉमी' समेत 10 टीवी शोज में नजर आ चुके हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, डेनजेल वाशिंगटन की 55 रिलीज फिल्मों ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 4.9 बिलियन डॉलर यानी 43178 करोड़ से अधिक का कारोबार किया है।




## दर्शकों को कम डरा पा रही द कॉन्ज्यूरिंग 4

लॉस एंजिल्स। द कॉन्ज्यूरिंग यूनिवर्स का अंतिम भाग 'द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स' शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हुई। फिल्म को देखने के बाद एक्स पर यूजर्स प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। लोगों द्वारा फिल्म को मिले-जुले रिएक्शंस मिल रहे हैं। एक यूजर ने कहा, 'पूरी तरह से निराशाजनक है। हॉरर और थ्रिलर के प्रशंसकों के लिए इसमें कुछ भी नया या दिलचस्प नहीं है। यह समय की बर्बादी और एक बड़ी निराशा है।' इसके अलावा एक अन्य यूजर ने लिखा कि ये फिल्म अन्य भागों की तरह नहीं है। 'द कॉन्ज्यूरिंग' फिल्म के जितने भी पार्ट हैं, वो सच्ची घटनाओं पर आधारित हैं। इन फिल्मों में पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर एड और लॉरेन वॉरेन द्वारा की गई वास्तविक केस को फिल्म के माध्यम से दिखाया गया है। 'द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स' इस सीरीज का अंतिम भाग है।



## मलयालम फिल्म लोका की फैन बनीं प्रियंका

मुंबई। मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1' को सिनेमाघरों में 10 दिन हो चुके हैं। हाल ही में यह हिंदी वर्जन में भी दर्शकों को देखने को मिल रही है। इस फिल्म की तारीफ बॉलीवुड सेलेब्स भी कर रहे हैं। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म लोका को सराहा। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पेज पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'भारत की पहली वुमन सुपरहीरो आ गई है। फिल्म 'लोका' की पूरी टीम को बधाई। यह कहानी मलयालम में पहले से ही लोगों का दिल जीत रही है। अब यह हिंदी में भी आ गई है। मैंने इसे अपनी वॉचलिस्ट में पहले ही जोड़ लिया है। मलयालम फिल्म लोका एक वुमन सुपरहीरो की कहानी है। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर हैं। वह बेंगलुरु में रहने आई है और असहाय पुरुष और महिलाओं को मुश्किलों से बचाती है।



## किंग फिल्म के सेट से लीक हुआ शाहरुख का लुक!

मुंबई। हाल ही में शाहरुख खान ने अपनी फिल्म किंग की शूटिंग शुरू की है। सोशल मीडिया पर 'किंग' फिल्म का एक लुक वायरल हो रहा है। इसमें शाहरुख खान काफी अलग नजर आ रहे हैं। अब तक उन्होंने किसी भी फिल्म में ऐसा एक्सपेरिमेंट अपने लुक के साथ नहीं किया था। इस फिल्म में उनके साथ बेटी सुहाना खान भी दिखाई देंगी। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म होने वाली है। हाल ही में इस फिल्म के एक शूटिंग शेड्यूल पर शाहरुख खान मौजूद दिखे। इस शूटिंग सेट से कुछ वीडियो, फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिसमें शाहरुख का लुक किंग मूवी में कैसा होगा, इसका अंदाजा फैंस को हो गया। शाहरुख काफी बदले हुए नजर आए। एक धुंधली से तस्वीर में उनके बालों का रंग ग्रे कलर का नजर आया। वहीं, एक वीडियो में वह अपने सिर को कवर करते हुए दिखे।

टीवी मसाला



## बसीर बने नए कैप्टन, तान्या-जीशान से भिड़ने के बाद रोईं कुनिका

नई दिल्ली। बिग बॉस 19 में पहले दिन से ही हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिल रहा है। इसमें कंटेस्टेंट के बीच नोक-झोक और बहस से लेकर टास्क व कैप्टेंसी तक को लेकर तकरार देखने को मिल रही है। घर में तान्या मित्तल की एक के बाद एक हरकतें लगातार उन्हें चर्चाओं में बनाए हुए हैं। अब शो के लेटेस्ट एपिसोड में तान्या और कुनिका सदानंद के बीच फिर तगड़ी बहस देखने को मिली है। वहीं, घर की कप्तानी भी अब बसीर अली के पास पहुंच गई है। कुनिका ने शिकायत की कि तान्या को कुछ गंभीर समस्याएं हैं। उन्होंने बताया कि तान्या कभी किसी बात को नहीं छोड़तीं। दूसरी ओर तान्या और अशनूर कौर के बीच एक बड़ी तुलना करते हुए कुनिका ने खुलासा किया कि अगर अशनूर गपशप करना बंद कर दें, तो वह उन्हें अपनी बहू के रूप में देखना पसंद करेंगी। इसके बाद जब अशनूर ने कुनिका से इस बारे में बात की तो तान्या और कनिका की बहस छिड़ गई। तान्या ने जहां कुनिका के सबके सामने उन्हें घासलेट कहे जाने पर नाराजगी जताई, तो वहीं कुनिका को घमंडी बताते हुए कहा कि अगर उन्हें लगता है हर कोई उनका विरोध करता है, तो वो बातचीत ही न करें या कम करें।

## कीकू शारदा नहीं छोड़ रहे द ग्रेट इंडियन कपिल शो

नई दिल्ली। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में नजर आ रहे कीकू शारदा के फैंस का गहरा धक्का लगा, जब उन्हें ये खबर मिली की एक्टर-कॉमेडियन ने शो छोड़ दिया है। क्योंकि, वह अशनीर ग्रोवर के 40 दिन चलने वाले रियलिटी शो 'राइड एंड फॉल' में नजर आएंगे। इसी कारण



रिपोर्ट्स आने लगीं कि कृष्णा अभिषेक से बहस के बाद अब उन्होंने कपिल के शो से किनारा कर लिया है। लेकिन, अब इसके पीछे की असली वजह सामने आई है। कीकू शारदा ने तय किया है कि वह 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का सीजन पूरा करने के बाद ही अशनीर ग्रोवर के 'राइज एंड फॉल' का हिस्सा बनेंगे। कीकू शो नहीं छोड़ रहे है। आप उन्हें आने वाले एपिसोड्स में देखेंगे। उन्होंने अपना अगला प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले शो की शूटिंग पूरी कर ली है। कीकू द ग्रेट इंडियन कपिल शो का हिस्सा हैं।' कीकू शारदा और कृष्णा अभिषेक का सेट से एक वीडियो सामने आया था, जिसमें दोनों बहस कर रहे थे। जिसमें कीकू ने कहा, 'टाइमपास कर रहा हूं?' इस पर कृष्णा ने दुखी होते हुए कहा, 'तो फिर ठीक है आप कर लो। आप कर लो भाई कोई प्राब्लम नहीं है। मैं जाता हूं यहां से।' फिर कीकू बोले, 'बात ये है कि मुझे बुलाया है तो मैं अपना खत्म कर लूं पहले।'

## कर्तव्यनिष्ठ पुलिस ऑफिसर की कहानी है इंस्पेक्टर झेंडे



मुंबई। 70-80 के दशक में बिकिनी किलर के नाम से मशहूर कुख्यात अपराधी चार्ल्स शोभराज को तो हर कोई जानता है, पर उसे दो बार पकड़ने वाले मुंबई पुलिस के दिलेर इंस्पेक्टर मधुकर झेंडे के कारनामे कम ही लोगों को पता हैं। मनोज बाजपेयी की यह फिल्म 'इंस्पेक्टर झेंडे' हर हाल में अपनी ड्यूटी को आगे रखने वाले इसी कर्तव्यनिष्ठ पुलिस ऑफिसर की कहानी है। 80 के दशक में सेट इस कहानी की शुरुआत स्विम सूट किलर कार्ल भोजराज (जिम सर्भ) के दिल्ली के तिहाड़ जेल से फरार होने की खबर से होती है। यह खबर सुनते ही मुंबई में दूध की लाइन में खड़े इंस्पेक्टर मधुकर झेंडे (मनोज बाजपेयी) के कान खड़े हो जाते हैं। असल में, झेंडे 1971 में एक बार कार्ल को पकड़ चुके थे, लेकिन अब वह फरार हो गया। ऐसे में, कार्ल को दोबारा पकड़कर वह पुलिस के दामन पर लगा दाग मिटाना चाहते हैं। शहर के डीआईजी (सचिन खेडेकर) भी झेंडे पर भरोसा जताते हैं और उन्हें अपनी टीम के साथ कार्ल को दोबारा दबोचने के सीक्रेट मिशन पर लगा देते हैं। अब बेहद कम संसाधनों में कुल छह पुलिसवालों की छोटी सी टुकड़ी कार्ल भोजरात को पकड़ने निकलती है।

### मानवीय पहलुओं पर फोकस

मन में सवाल उठना लाजिमी है कि कार्ल जैसे कई देशों में मोस्ट वांटेड किलर को पकड़ना क्या इतना आसान है? चिन्मय डी मंडलेकर की लिखी और निर्देशित की इस फिल्म की खूबी यह है कि यह चोर-पुलिस वाली आम बॉलिवुडिया फिल्म की तरह नहीं है। यह अपने नायक को 'सिंघम' नहीं बनाती, बल्कि उसके मानवीय पहलुओं पर फोकस करती है। झेंडे वो पुलिसवाला नहीं है, जो एक घूंसे से छह गुंडों को चित कर देता है, बल्कि वो ऐसा हीरो है जो एक बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के भरोसे गोवा में कार्ल को खोजने निकल पड़ता है।

## द बंगाल फाइल्स सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि आईना है

मुंबई। मशहूर फिल्ममेकर विवेक अग्निहोत्री की पॉलिटिकल थ्रिलर मूवी 'द बंगाल फाइल्स' शुक्रवार को भारत में सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह मूवी साल 1946 के बंगाल के उथल-पुथल भरे घटनाक्रमों को बयां करती है, जिसमें ग्रेट कलकत्ता किलिंग्स, डायरेक्ट एक्शन डे और नोआखाली दंगे शामिल हैं। इस मूवी को लेकर दर्शकों की तरफ से रिव्यूज भी सामने आने लगे हैं। फिल्म ट्रेड एनालिस्ट जयसवाल ने 'द बंगाल फाइल्स' का रिव्यू लिखा, 'अब तक द बंगाल फाइल्स में सिमरत कौर का मोनोलॉग भूल नहीं पा रहा हूं। क्या जबरदस्त प्रदर्शन था, क्या बेहतरीन अदाकारा हैं वो। वाकई पुरस्कार के काबिल एक्टिंग।' एक यूजर ने फिल्म को हार्टब्रेकिंग बताया है तो दूसरे ने लिखा कि यह फिल्म आपको डराएगी और बेचैन कर देगी। एक यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, 'द बंगाल फाइल्स सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि आईना है। एक ऐसा आईना जो दिखाता है कि बंगाल के रक्तरंजित अतीत को संयोग से नहीं, बल्कि साजिश के तहत दफनाया गया। यह फिल्म आपको न सिर्फ जो हुआ उस पर, बल्कि उन लोगों पर भी गुस्सा दिलाती है जो अब भी झूठ का बचाव कर रहे हैं।' एक अन्य यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए इसे शानदार, गंभीर और हिलाकर रख देने वाली फिल्म बताया है। लोगों से फिल्म देखने की अपील करते हुए यूजर का कहना है कि इस फिल्म को सच्चाई जानने के लिए देखना चाहिए। कुछ लोगों ने फिल्म को दिल दहला देने वाला अनुभव बताया।



### नोआखली दंगों पर आधारित

एक यूजर ने कहा कि यह फिल्म डायरेक्ट एक्शन डे (1946) की भयावहता को अपनी तीव्रता, बेहतरीन कहानी और दिल दहला देने वाले दृश्यों के साथ जीवंत करने का साहस कराती है। लोगों ने फिल्म के निर्देशन और पल्लवी जोशी व नमाशी चक्रवर्ती के अभिनय की भी तारीफ की है। एक अन्य यूजर ने फिल्म को आंखे खोल देने वाला बताया और ऐसी कहानी को दिखाने के लिए निर्देशक विवेक अग्निहोत्री का भी शुक्रिया जताया। एक और यूजर ने भी फिल्म की तारीफ की है। वहीं कई दर्शकों ने फिल्म को एक जरूरी फिल्म बताया है और इसे देखने की अपील की है। विवेक अग्निहोत्री द्वारा लिखित और निर्देशित 'द बंगाल फाइल्स' 1946 के कलकत्ता हत्याओं और नोआखली दंगों पर आधारित है।

### 80 साल की उम्र में आज भी रूस में बैले डांसर्स और एक्टर्स को देती हैं सलाह

# रशियन एक्ट्रेस की खूबसूरती थी मेरा नाम जोकर का अट्रैक्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज कपूर की अद्भुत फिल्मों में से एक 'मेरा नाम जोकर' भारतीय सिनेमा की सबसे लंबी फिल्मों में से एक मानी जाती है। उससे पहले 'संगम' ब्लॉकबस्ट हो चुकी थी, ऐसे में राज कपूर की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार था। राज कपूर, सिमी गरेवाल की इसी फिल्म से एक्टर के बेटे ऋषि कपूर डेब्यू करने जा रहे थे। इसी फिल्म में नजर आईं रशियन एक्ट्रेस क्सेनिया रयाबिनकिना, जिनकी खूबसूरती इस फिल्म का खास अट्रैक्शन थी।80 की उम्र की दहलीज पर पहुंच चुकीं रयाबिनकिना आज भी क्सेनिया रयाबिनकिना रूस में बैले डांसर्स और एक्टर्स को सलाह देती हैं। रयाबिनकिना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अपनी पर्सनल और प्रफेशनल लाइफ के किस्से भी शेयर करती हैं।क्सेनिया रयाबिनकिना का जन्म मॉस्को में हुआ था। उनका इस हिंदी फिल्म में आना भी किसी फिल्म के किस्से की तरह है। रयाबिनकिना की मां एक शानदार बैले डांसर थीं और पिता एक जियो-फिजिक्स डॉक्टर के घर हुआ था। बताया जाता है कि क्सेनिया रयाबिनकिना ने मॉस्को के बोल्शोई थिएटर में एक बैलेरीना (बैले डांसर) के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया था।



### रूसी सर्कस ट्रैपीज़ कलाकार के रूप में

हालांकि, भारत में उन्हें आज भी लोग मरीना के नाम से ही याद करते हैं। राज कपूर की क्लासिकल फिल्म 'मेरा नाम जोकर' (1970) में रूसी सर्कस ट्रैपीज कलाकार (सर्कस में ऊंचाई पर रस्सियों के झूले पर झूलने वाले कलाकर) के रूप में 25 साल की इस एक्ट्रेस ने लोगों के दिलों पर ऐसा जादू चलाया कि में वो उनकी यादों में आज भी बसी हैं।

### जब सर्कस खत्म होता है तो वो रूस वापस चली जाती है

इस फिल्म में राजू बने राज कपूर जब 'जैमिनी सर्कस' में काम करने पहुंचते हैं तो उनकी मुलाकात मरीना से होती है। मरीना अपने साथी कलाकारों से साथ रूस से सर्कस में काम करने भारत आती हैं। यहां स्टेज पर साथ काम करते करते राजू को मरीना से प्यार हो जाता है और मरीना भी राजू को पसंद करने लगती है। लेकिन, जब सर्कस खत्म होता है तो वो रूस वापस चली जाती है। इसके बाद राजू टूट जाता है।

### ऑडिशन की जगह दिखाया लाइव परफॉर्मेंस

क्सेनिया रयाबिनकिना मिलना तो चाहती थीं, लेकिन उन्हें मना करना पड़ा। क्योंकि, उसी रात उनकी खुद की भी एक परफॉर्मेंस थी। एक्ट्रेस ने फोन करने वाले शख्स से कहा कि क्या ऐसा हो सकता है कि वो राज कपूर को थिएटर ले आएं? इसी बहाने राज कपूर उनकी परफॉर्मेंस भी देख लेंगे। उन्होंने ऐसा ही किया। वो कुछ लोगों के साथ ऑडिटोरियम पहुंचे और उन्होंने रयाबिनकिना की परफॉर्मेंस देखी।

### पहली फिल्म मेरा नाम जोकर नहीं

हालांकि, कहते हैं कि वो फिल्मों में काम नहीं करना चाहती थीं। बताया जाता है कि इन्हें हिंदी बोलना नहीं आता था, लेकिन पहली फिल्म जार साल्टन मिली। दोस्तों के कहने पर वो तैयार हो गईं, जिसमें उनका छोटा सा किरदार था। फिल्म में उन्हें लोगों ने पसंद भी किया। इसके बाद करीब तीन साल के बाद वो 'मेरा नाम जोकर' में नजर आईं। इस बीच वो बैले डांस में खुद को बिजी रखती थीं।

### राज कपूर को लेकर रूस में काफी क्रेज था

एक दिन उन्हें किसी ने फोन करके बताया कि मशहूर राज कपूर इस वक्त मॉस्को में ही हैं और वो एक बड़ी फिल्म बना रहे हैं । उन्हें बताया गया कि राज कपूर अपनी फिल्म के किरदार के लिए रशियन लड़की की तलाश कर रहे हैं। उन दिनों राज कपूर को लेकर रूस में काफी क्रेज था।

### सर्कस में काम करने वाली लड़की ही चाहिए थी

क्सेनिया रयाबिनकिना ने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब उन्हें ये बताया गया था कि राज कपूर मॉस्को में हैं और उनसे जल्द वो मिलना चाहते हैं क्योंकि उन्हें भारत वापस भी लौटना है। रयाबिनकिना से मिलने से पहले राज कपूर कुछ और रूसी लड़कियों से भी मिल चुके थे और खासकर वो सर्कस की कलाकारों से मिले थे। क्योंकि, उन्हें अपनी फिल्म में मरीना के किरदार के लिए सर्कस में काम करने वाली लड़की ही चाहिए थी।